दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

वर्ष : 12 | अंक : 313 | लखनऊ, 12 नवम्बर ,गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

नोएडा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। यूपीडा के वाहन को फ्लैट दिया।सौरभ उपाध्याय साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे।

## 3 राज्यों में शुरू होंगी सांध्यकालीन अदालतें

नई दिल्ली। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और अदालतों बोझ कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 3राज्यों दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में सांध्यकालीन अदालतें शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी दी है।सरकार इस साल के अंत तक दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में 'इवनिंग कोर्ट' शुरू करेगी।

## ठाणे में भगवान बुद्ध और आंबेडकर की मूर्तियां चोरी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार तड़के अज्ञात लोगों ने बुद्ध विहार में घुसकर भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बीआर आंबेडकर की पीतल की मूर्तियां चोरी कर लीं। पुलिस ने बताया कि यह घटना कलवा इलाके के जय भीम नगर-2 स्थित त्रिरत्न बुद्ध विहार में हुई। मंगलवार शाम को नियमित प्रार्थना के बाद विहार को बंद कर दिया गया था।

## पूर्व सांसद व सीबीआई अफसर भाजपा में गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। बुधवार को सपा को पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बड़ा झटका लगा। बस्ती से बीएसपी के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी और बांदा के रहने वाले पूर्व सीबीआई अधिकारी व सपा नेता अनिल यादव समेत कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत

आगरा। किले के सामने मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 2युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 16 वर्ष के नैतिक पुत्र भोला सिंह निवासी सुल्तानपुरा कैंट और विशाल पुत्र मनेज निवासी मंटोला के रूप में हुई है। बाइक सवार तीसरा साथी प्रेम पुत्र धर्म निवासी मंटोला गंभीर घायल हो गया।

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

# 8.449 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा, 5 एलिवेटेड स्टेशन भी होंगे, यात्रा होगी सुगम

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कॉरिडोर के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 71.878 किलोमीटर हो जाएगी।इस परियोजना से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। इससे शहर के उन इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सीधी कनेक्टिविटी सीमित है। इसके अलावा, नोएडा सेक्टर-61 में ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी।

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी का होगा विस्तार



**जाम से मिलेगी मुक्ति**

इस विस्तार से खिलचो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसाइटियों के निवासियों को भी मेट्रो सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे रोजगार, कारोबार, शिक्षा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन करने वाले लोगों का सफर आसान होने की उम्मीद है।परियोजना से सड़कों पर वाहनों का दबाव और यातायात जाम कम करने में मदद मिलेगी।

**प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को मिलेगा लाभ**

कॉरिडोर से कई प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों, आईटी एवं औद्योगिक कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इनमें गौर सिटी मॉल, एचईडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 का व्यावसायिक क्षेत्र, नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए और सेक्टर-73 का ऐंथुरियम मॉल शामिल हैं। नोएडा सेक्टर-60 स्थित टेक महिंद्रा और टीसीएल टेक के कार्यालय, सेक्टर-73 स्थित ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड तथा गोल्डन आई कार्यालय एवं व्यावसायिक परिसर को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। शैक्षणिक संस्थानों में दिल्ली पब्लिक स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं में कैलाश अस्पताल, सेक्टर-70 का रामा अस्पताल, सेक्टर-51 का कलाउडनाइन अस्पताल तथा सेक्टर-62 का रामा अस्पताल शामिल हैं।

**स्टैंड-अप इंडिया योजना**

## 2031 तक जारी रखा जाएगा, 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष स्वीकृत

स्टैंड-अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। इसका उद्देश्य महिलाओंके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना है। अगले 5वर्षों में कम से कम 2.5 लाख नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है।सरकार ने योजना के लिए 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष को भी मंजूरी दी है। अप्रैल 2016 में शुरू हुई इस योजना के माध्यम से अब तक 2.75 लाख से अधिक महिला, एससी और एसटी उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिली।

**एक करोड़ तक मिल सकेगा ऋण**

योजना के तहत महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमी ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण ले सकेंगे। इसके अंतर्गत 10 लाख से अधिक और एक करोड़ तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण टर्म लोन या वर्किंग कैपिटल और टर्म लोन के संयुक्त रूप में दिया जा सकता है। राशि परियोजना लागत के 85 प्रतिशत तक हो सकती है।

**ऋण पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज**

योजना के तहत ऋण राशि पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा। इसके लिए मानक गारंटी शुल्क 0.50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला और वंचित समुदायों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

**'युगे युगीन संग्रहालय**

## दिल्ली के नॉर्थ-साउथ ब्लॉक में बनेगा 3,230 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने दिल्ली के ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' विकसित करने की मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए 3,230 करोड़ की अनुमानित लागत को स्वीकृति दी गई।यह संग्रहालय भारत की सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक निरंतरता को प्रदर्शित करेगा। इसे नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों के मौजूदा स्वरूप का संरक्षण करते हुए विकसित किया जाएगा।

## दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना

संग्रहालय लगभग 1,78,509 वर्ग मीटर के प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र में विकसित होगा। इसमें आधुनिक संग्रहालय तकनीक, इमर्सिव अनुभव और सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना है। इसमें भारत की सभ्यतागत यात्रा को अलग-अलग विषयों पर आधारित गैलरी, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक परफार्मेंसों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

### ईडी के कोलकाता ऑफिस की कार्रवाई

# प्लाट-होटल, 2 पर्यटक जहाज और 3 बैंक खाते जब्त किए

21 मुखौटा कंपनियों को 301.50 करोड़ का लोन



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल ऑफिस-2 ने गत सप्ताह एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर (पीएओ) जारी किया है। इसके जरिए अंडमान और निकोबार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाघड़ी मामले में लगभग 121.35 करोड़ की 35 अचल संपत्तियों और 05 चल संपत्तियों को जब्त किया गया है। जब्त की गई संपत्तियों में जमीन के टुकड़े, एक होटल, दो सेमी-सबमरीन टूरिस्ट वेसल (पर्यटक जहाज) और 3 बैंक खातों में जमा राशि शामिल है।ईडी ने यह जांच अंडमान और निकोबार पुलिस के 'क्राइम एंड इकोनॉमिक ऑफेंस' पुलिस स्टेशन में पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। पूर्व सांसद और एएनएससीबीएल के तत्कालीन उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने बैंक अधिकारियों और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर, बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करते हुए 'शेल कंपनियों' (कर्जी कंपनियों) के जरिए भारी-भरकम लोन मंजूर कराए।

## आरोपियों ने 23 अवैध शेल कंपनियां बनाई

आरोपियों ने 23 ऐसी शेल कंपनियां बनाई, जिनका कोई वास्तविक कारोबार नहीं था। इन कंपनियों में उन्होंने अपने सहयोगियों और अन्य लोगों को 'डमी डायरेक्टर' (नाममात्र के निदेशक) के तौर पर रखा। इनमें से 21 कंपनियों को लगभग 301.50 करोड़ रुपये का लोन मंजूर किया गया, जिसमें से 18 कंपनियों का लगभग 271 करोड़ का लोन अब एनपीए (फंसा हुआ कर्ज) बन चुका है। लोन की इस रकम को नकद निकाल लिया गया या कई अलग-अलग खातों के जरिए इधर-उधर घुमाया गया।

## राशि का दुरुपयोग किया, अवैध लोन भी दिए

इस पैसे का इस्तेमाल कुलदीप राय शर्मा के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर जमीन और अन्य संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया। इन 23 शेल कंपनियों के अलावा, कई अन्य कंपनियों को भी अवैध तरीके से भारी लोन दिए गए, जिनमें कुलदीप राय शर्मा के परिवार के सदस्यों की कंपनियां भी शामिल थीं। इन लोन की रकम को भी हड़प लिया गया और वापस नहीं चुकाया गया। इस मामले में सामने आई कुल 'अपराध से प्राप्त रकम' 500 करोड़ से अधिक है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर उजड़ गया पूरा परिवार!

## एक्सयूवी डिवाइडर से टकराई, पति-पत्नी और दोनों मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। गंगा एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर एक हंसते-खेलते परिवार को निगल गया। सांडी थाना क्षेत्र में अंटवा-सिसला गांव के पास किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार वश-300 कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। भीषण हादसे में प्रयागराज निवासी 35 वर्षीय सौरभ उपाध्याय और उनकी 34 वर्षीय पत्नी मेनका उपाध्याय की मौत हो गई। दोनों अपने बच्चों शिवोम और व्योम के साथ नोएडा से प्रयागराज जा रहे थे। हादसे में दोनों बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान दोनों मासूमों ने भी दम तोड़ दिया। इस तरह एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक पल में उजड़ गया पूरा परिवार। जिस सफर पर परिवार खुशियों के साथ निकला था, वही सफर जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### उपराष्ट्रपति कॉलेज के प्लैटिनम जुबली में बोले

## छात्र प्रौद्योगिकी अपनाएं, ज्ञानार्जन करें और नशीले पदार्थों से दूर रहें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता सेनानी वीओ चिदंबरम पिल्लई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संस्थान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक द्वार का उद्घाटन किया। वे अपनी पुरानी कक्षा में भी गए और 1975–78 बैच के अपने सहपाठियों से बातचीत में कॉलेज के दिनों को आत्मीयता से स्मरण किया। राधाकृष्णन ने स्मरण किया कॉलेज, शिक्षकों और सहिष्णुयतों ने उनके नजरिये को आकार देकर उन्हें बड़े



दायित्वों के लिए तैयार किया। छात्र विरासत सहेजते हुए नई प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक अनुसंधान और उभरते विषयों को अपनाएं जिससे समाज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। उन्होंने युवाओं से आत्म-अनुशासन विकसित करने, नशीले पदार्थों और अन्य हानि पहुंचाने वाली आदतों से दूर रहने का आह्वान किया।

### हरिद्वार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा

अमरापुर जटवाड़ा घाट पर लगाने का प्रस्ताव

## हरिद्वार अर्धकुंभ से पहले गंगा नदी में लगाया जाएगा 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हरिद्वार में अगले साल होने वाले अर्धकुंभ से पहले गंगा नदी में 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर' लगाया जाएगा, ताकि ठोस कचरे से नदी को प्रदूषित होने से रोका जा सके। हरिद्वार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि दशहरा से दीपावली तक 18 दिन में ऊपरी गंग नहर को मरम्मत और रखरखाव बंद किए जाने के दौरान उससे 100 मीट्रिक टन से अधिक कचरा निकाला गया। यह तकनीक जलविद्युत परियोजनाओं में इस्तेमाल की जा रही है।



## नगर निगम ने निविदा जारी की

हरिद्वार नगर निगम के आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि इंटरसेप्टर लगाने के लिए निविदा जारी की गई है और उम्मीद है कि 2027 के अर्धकुंभ से पहले काम शुरू हो जाएगा। ट्रैश बूम इंटरसेप्टर एक तैरता हुआ अवरोधक है, जो नदी में फेंके गए कचरे, जैसे फूल, कपड़े, प्लास्टिक और अन्य ठोस चीजों को रोक लेता है। इस तकनीक में नहर या नदी के आर-पार एक बूम बैरियर लगा दिया जाता है, जो कचरे को एक किनारे की तरफ धकेल देता है। जब कचरा किनारे पर इकट्ठा हो जाता है, तो उसे कन्वेयर बेल्ट पर डाल दिया जाता है। प्रशासन ने नदी की स्वच्छता और पवित्रता रखने की अपील की है।

### सोनिया गांधी के संस्मरण पर भाजपा ने किया तीखा हमला

# प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर बन गईं 'सुपर पीएम'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नए संस्मरण को लेकर भाजपा ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के उनके फैसले को त्याग बताने के दावे पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि सोनियाने प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर 'सुपर पीएम' बनने का रास्ता चुना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद नहीं संभाला, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनकर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल किया। पार्टी ने आपातकाल और राजीव गांधी से जुड़े दावों को भी चुनौती दी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोनिया के संस्मरण 'रिलॉन्चिंग : ए जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिक्रिया दी।

### भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कसा तंज और फैसले को 'सुपर त्याग' बताया



**'सुपर पीएम' का उदाहरण दुनिया में नहीं**

सुधांशु ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट रैंक वाला पद लेना किस तरह का त्याग था। त्रिवेदी ने यह भी कहा कि दुनिया में ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल करे। भाजपा ने इसी आधार पर सोनिया के फैसले पर सवाल उठाए।

**सोनिया के नाम पर हजारे भी बिफरे**

**इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं, देश के बारे में**



वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मेरे लिए सिर्फ समाज और देश मायने रखते हैं। इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं है। देश के बारे में सोचिए।

**किताब में नीतीश के चित्रण से जद(यू) नाराज**

## लोगों को गुमराह करने के लिए इसे पेश किया

जनता दल (यूनाइटेड) ने पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चित्रण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किताब में घटनाक्रम को लोगों को गुमराह करने की खास रणनीति के तहत पेश किया है।



### एनयूएसआई नेता अनस पर छात्रा का आरोप

# ज्ञानेश के खिलाफ प्रोटेस्ट के बदले 500 रुपए ऑफर किए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने एनएसयूआई नेता अनस खान को लेकर बड़ा दावा किया है। छात्रा का आरोप है कि अनस ने राहुल गांधी के मार्च में शामिल होने कॉलेज के छात्रों को 200 से 500 रुपए देने का ऑफर दिया था। यह मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ था। छात्रों को मुफ्त खाना, आने-जाने की सुविधा और दूसरी चीजें देने की भी बात कही गई थी।



## 100 छात्रों को मार्च में शामिल करने का दावा

छात्रा के अनुसार अनस कॉलेज के करीब 100 छात्रों को इस मार्च में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए कॉलेज के एक ग्रुप में मैसेज भेजा गया था। इसमें करीब 1000 छात्र जुड़े हुए हैं। छात्रा का दावा है नए छात्रों को भी इस ग्रुप में जोड़ा जाता है। छात्रों को मुफ्त खाना, सफर और रिफ्रेशमेंट देने की बात कही गई थी। कुल छात्रों को फ्री रैपिडो राइड और जोमैटो ऑफर देने का भी दावा किया गया है।

# दिवाली की रात अलीगंज व चौक में खूब जले पटाखे

## पीएम 10 का स्तर 726 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर, विकासनगर में 90.3 डेसीबल तक पहुंचा शोर, अलीगंज में सबसे अधिक रहा वायु प्रदूषण, विकास नगर में ध्वनि प्रदूषण

- सीएसआईआर-आईआईटीआर के पोस्ट दीपावली सर्वे में खुलासा
- पटाखों के साथ मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने बढ़ाया प्रदूषण

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** दीपावली पर आतिशबाजी का असर राजधानी की हवा और ध्वनि गुणवत्ता पर साफ दिखाई दिया। दीपावली की रात पीएम 10 का औसत स्तर 726.2 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक पहुंच गया, जबकि राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार इसकी निर्धारित सीमा 100 माइक्रोग्राम है। इसी तरह पीएम 2.5 का औसत स्तर 400.1 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया, जो निर्धारित 60 माइक्रोग्राम की सीमा से कई गुना अधिक है। सीएसआईआर के भारतीय विष विज्ञान अनुसंधानसंस्थान की प्री दिवाली, दिवाली व पोस्ट दिवाली प्रदूषण रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार दिवाली से एक दिन पहले, दिवाली की रात और दिवाली के एक दिन बाद वायु और ध्वनि प्रदूषण के स्तर का शहर के अलग अलग इलाकों का सर्वे किया गया।

संस्थान ने लखनऊ के चार प्रमुख क्षेत्रों अलीगंज, विकासनगर, अमीनाबाद और चौक में दीपावली से पहले, त्योहार के दिन और बाद में वायु गुणवत्ता तथा शोर के स्तर की निगरानी की। अध्ययन में आवासीय और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों को शामिल किया गया। दिन और रात के समय पीएम 10, पीएम 2.5, सल्फर डाइऑक्साइड (एसओटू), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओटू) और ध्वनि प्रदूषण का आकलन किया गया। सर्वे के अनुसार दीपावली की रात अलीगंज में पीएम 10 का अधिकतम स्तर 912 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया। चौक में यह 751, अमीनाबाद में 642 और विकासनगर में 599 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रहा। दीपावली से पहले की रात की तुलना में विभिन्न स्थानों पर पीएम 10 में 57.4 से 170.6 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। पीएम 2.5 के मामले में भी स्थिति चिंताजनक रही। अलीगंज में इसकी अधिकतम सांद्रता 558 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक पहुंच गई, जबकि दीपावली से पहले यह 170 माइक्रोग्राम थी। इस तरह इसमें लगभग 228 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।



**दीपावली के बाद भी मानकों से अधिक रहा प्रदूषण :** अध्ययन के अनुसार दीपावली से पहले रात में पीएम 10 का औसत स्तर 348.4 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर था, जो दीपावली की रात बढ़कर 726.2 माइक्रोग्राम हो गया। त्योहार के बाद इसमें गिरावट आई और यह 300.1 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया। इसी तरह पीएम 2.5 का औसत स्तर दीपावली से पहले 159.6 से बढ़कर 400.1 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच गया। बाद में इसमें कमी आई, लेकिन प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक से ऊपर बना रहा। इसी तरह सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर निर्धारित 80 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर की सीमा के भीतर रहा। वहीं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर कई निगरानी स्थलों पर निर्धारित मानक से अधिक पाया गया। दीपावली की रात ठड? का औसत स्तर 113.8 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया, जो दीपावली से पहले की रात के 48.2 माइक्रोग्राम की तुलना में 136.1 प्रतिशत अधिक था।

**विकासनगर में सबसे अधिक शोर :** ध्वनि प्रदूषण के मामले में भी दीपावली की रात स्थिति गंभीर रही। विकासनगर में सबसे अधिक 90.3 डेसीबल शोर दर्ज किया गया, जबकि चौक में सबसे कम 85.2 डेसीबल रिकॉर्ड हुआ। अमीनाबाद में 86.5 और अलीगंज में 85.3 डेसीबल शोर रहा। चारों स्थानों का औसत ध्वनि स्तर 86.8 डेसीबल दर्ज किया गया, जो आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए निर्धारित रात्रिकालीन मानकों से काफी अधिक है। विशेषज्ञों के मुताबिक 80 डेसीबल से अधिक का तेज शोर सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकता है। लगातार तेज आवाज से तनाव, सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, नींद में बाधा और सुनने संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**दस साल के अध्ययन में फिर बढ़ा प्रदूषण :** संस्थान के 2017 से 2026 तक के आंकड़ों के विश्लेषण में दीपावली की रात पीएम 10 और पीएम 2.5 के स्तर में लगातार उतार-चढ़ाव सामने आया है। वर्ष 2018 में पीएम 10 का स्तर 990 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक पहुंचा था। इसके बाद 2022 तक इसमें गिरावट दर्ज की गई, लेकिन बाद के वर्षों में फिर बढ़ोतरी का रुझान दिखाई दिया। वर्ष 2025 की तुलना में 2026 में पीएम 10 और पीएम 2.5 की सांद्रता में क्रमशः 28.5 और 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा :** अध्ययन में बताया गया है कि पटाखों से निकलने वाले सूक्ष्म कणों और जहरीली गैसों का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पटाखों में मौजूद सीसा, कैडमियम और तांबे जैसी भारी धातुएं सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर नुकसान पहुंचा सकती हैं। सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी गैसें श्वसन तंत्र में जलन पैदा करती हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए ऐसी स्थिति विशेष रूप से खतरनाक हो सकती है। पटाखों से निकलने वाली चिंगारियों के कारण आग और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

**सख्त निगरानी व ग्रीन पटाखों को बढ़ावा देने की सिफारिश :** सीएसआईआर-आईआईटीआर के वैज्ञानिकों ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रमाणित ग्रीन पटाखों को बढ़ावा देने, अवैध पटाखों के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने तथा घनी आबादी से दूर निर्धारित स्थानों पर ही आतिशबाजी कराने की सिफारिश की है। इसके साथ ही पटाखे जलाने का समय रात आठ से दस बजे तक सीमित रखने, त्योहार के बाद तत्काल सफाई कराने और जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया है। संस्थान का मानना है कि केवल दिशा-निर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं है। ग्रीन पटाखों की प्रमाणिकता, निर्धारित समय और स्थान पर आतिशबाजी तथा प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की रियल टाइम निगरानी जरूरी है। इससे दीपावली के दौरान वायु और ध्वनि प्रदूषण के साथ उससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सकता है।

**पीएम10 की स्थिति (माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर)**

| क्षेत्र | 7 नवंबर | 8 नवंबर | | 9 नवंबर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | रात | दिन | रात | दिन | रात |
| अलीगंज | 37 | 198 | 912 | 175 | 287 |
| विकास नगर | 303 | 219 | 599 | 187 | 296 |
| अमीनाबाद | 408 | 356 | 642 | 212 | 373 |
| चौक | 346 | 311 | 751 | 183 | 245 |

**पीएम 2.5 की स्थिति**

| क्षेत्र | 7 नवंबर | 8 नवंबर | | 9 नवंबर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | रात | दिन | रात | दिन | रात |
| अलीगंज | 170 | 143 | 558 | 149 | 162 |
| विकास नगर | 137 | 107 | 292 | 93 | 122 |
| अमीनाबाद | 182 | 140 | 435 | 113 | 156 |
| चौक | 149 | 117 | 316 | 105 | 133 |

(मानक 100)

**ध्वनि प्रदूषण की स्थिति-रात 10 से 10.30 बजे तक**

| स्थान | प्री व दिवाली रात | | पोस्ट दिवाली रात |
|---|---|---|---|
| अलीगंज | 65.2 | 85.3 | 73.0 |
| विकासनगर | 73.1 | 90.3 | 78.7 |
| चौक | 79.1 | 85.2 | 73.9 |
| अमीनाबाद | 76.0 | 86.5 | 78.9 |
| औसत | 73.4 | 86.8 | 76.9 |

**नोट: पीएम 10 और पीएम 2.5 के लिए निर्धारित मानक क्रमशः 100 और 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर हैं। आवासीय क्षेत्रों में रात्रिकालीन ध्वनि सीमा 45 और व्यावसायिक क्षेत्रों में 55 डेसीबल है।**

## छठ पर्व पर सीएसएमटी से गोरखपुर के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

**लखनऊ।** दीपावली के बाद छठ पर्व पर घर लौटने वाले रेल यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने मुंबई से पूर्वांचल आने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। पूर्वोत्तर रेलवे के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से गोरखपुर के लिए विशेष गाड़ी (01041) का संचालन किया जा रहा है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार के मुताबिक, 01041 सीएसएमटी-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 11 नवंबर 2026 को दोपहर 15:30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना हो चुकी है। यह विशेष ट्रेन दादर (15:46 बजे), ठाणे (16:14 बजे), कल्याण (16:42 बजे), इगतपुरी (18:40 बजे), नासिक रोड (19:33 बजे) और भुसावल (23:15 बजे) होते हुए दूसरे दिन खंडवा (01:50 बजे), इटारसी (05:05 बजे), भोपाल (07:10 बजे), बीना (10:05 बजे), वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी (12:40 बजे), उरई (14:05 बजे), कानपुर सेंट्रल (17:50 बजे), लखनऊ उत्तर रेलवे (19:55 बजे), बाराबंकी (21:20 बजे), गोंडा (22:55 बजे) तथा मनकापुर (23:30 बजे) पहुंचेगी। इसके बाद तीसरे दिन बस्ती (00:35 बजे) और खलीलाबाद (01:15 बजे) रुकते हुए तड़के 03:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

## युवती ने लगाया युवक पर ब्लैकमेल का आरोप

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाली युवती ने एक युवक पर चोरी-छिपे उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगा स्थानीय कृष्णानगर कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णानगर कोतवाली इलाके के खुशी विहार कॉलोनी में रहने वाली पीड़िता के अनुसार जनपद उन्नाव के औरास स्थित परियाना का रहने वाले आरोपी युवक विपिन कुमार पुत्र नन्हकू प्रसाद ने चोरी-छिपे उसका अश्लील वीडियो बना कर संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा । पीड़िता के इनकार करने पर आरोपी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी के कृत्य से घबराई पीड़िता ने स्थानीय कृष्णानगर थाने में लिखित शिकायत की है।

## रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट में दोनों और के सात लोग चोटिल हो गए। बंथरा के औरावां गांव निवासी पंकज सिंह पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह का आरोप है कि वह बंथरा बाजार से अपने घर लौट रहे थे। तभी गांव निवासी विजय कुमार सिंह ने उन्हें अपने घर के पास रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि विजय के बेटे सुजीत, पत्नी गंगा देवी और बहू गोल्डी ने भी मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे पंकज के बेटे पुष्पेंद्र और भतीजे ऋषभ को भी आरोपियों ने पीटा। जिससे पंकज के हाथ, पुष्पेंद्र की नाक व दाहिने हाथ की उंगली और ऋषभ के हाथ में चोट आई है। वहीं दूसरे पक्ष के विजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि पंकज सिंह ने नशे की हालत में घर के सामने दो गोले दागे और गाली गलौज की।

## जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला निवासी भारत लाल ने करन मौर्य उर्फ हंशू लाल, विनय मौर्य और राहुल के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट कर घायल करने, गला दबाने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भारत लाल पुत्र नन्नकऊ के मुताबिक रविवार रात करीब नौ बजे वह अपने दोस्त प्रदीप के साथ घर के सामने मैदान में बैठा था। तभी करन मौर्य उर्फ हंशू लाल मौर्य अपने साथी विनय मौर्य और राहुल के साथ वहां पहुंचा और बैठने को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर करन ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसके पैर में चोट आई। इस दौरान आरोपी ने उसका गला भी दबाया।

## युवक की मोटर साइकिल चोरी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के गहरु - पिपरसण्ड रोड निवासी अरुण कुमार के मुताबिक गहरु स्थित शीतला माता मंदिर में धार्मिक आयोजन और जागरण का कार्यक्रम था। अरुण का कहना है कि वह दर्शन करने गया था। जहां अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्रो (यूपी 32 एफके 5958) मंदिर के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस लौटा तो बाइक वहाँ से गायब मिली। बाद में काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला।

## जियो कस्टमर केयर बनकर वृद्ध से 70 हजार ठगे

**लखनऊ।** जियो कस्टमर केयर का कर्मचारी बनकर ठग ने सेक्टर बी, विजय नगर, नीलमथा निवासी जगन्नाथ सिंह परवाल को ठगी का शिकार बना लिया। ठग ने व्हाट्सएप पर फाइल भेजकर उनके मोबाइल को अपने नियंत्रण में ले लिया और फोन पे से जुड़े दो बैंक खातों से 70,912 रुपये निकाल लिए। पीड़ित के मुताबिक 26 अक्टूबर 2026 को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को जियो कस्टमर केयर का बताया और सहायता देने के नाम पर बातचीत शुरू की। इसके बाद उसने व्हाट्सएप नंबर पर एक फाइल भेजी। फाइल खुलते ही मोबाइल में साइबर धोखाधड़ी की घटना हो गई।

## जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सब-लीजिंग व शॉर्ट टर्म रेंटल का व्यवसाय करने वाले तन्मय भट्टाचार्य ने जान से मारने, गोली मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पीड़ित के मुताबिक स्काईलाइन प्लाजा-3, फ्लैट नंबर 911 से संबंधित पुराने विवाद में उन्होंने दिव्या प्रताप सिंह को धनराशि वापस कर दी थी। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की उपस्थिति में सुलहनामा व नो-ड्यूज पत्र निष्पादित कर प्रकरण समाप्त कर दिया गया था। आरोप है कि दिव्या प्रताप सिंह ने उन्हें व उनके भाई को जान से मारने तथा गोली मारने की धमकी दी।

## लाठी-डंडे से हमला, तीन लहूलुहान

**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव सेमरापीतपुर में बाजार से पैदल लौट रहे तीन लोगों पर गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी व चापड़ से हमला कर दिया। हमले में तीनों के सिर फट गए और पसलियों समेत पूरे शरीर में चोटें आईं। पीड़ित रामबाबू पुत्र पुनवासी, निवासी ग्राम सेमरापीतपुर ने गोसाईगंज पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि वह 9 नवंबर को पैदल खुजौली बाजार से लौट रहे थे। स्कूल के समीप उनके साथ उनके पारिवारिक अंशु पुत्र गंगाराम व राजा पुत्र गंगाराम भी थे।

## रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर सिपाही निलंबित, एसीपी को सौंपी जांच

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाने में तैनात सिपाही प्रेम नारायण का एक ट्रेडर्स की दुकान पर बैठकर रुपये लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह को सौंपी है। वायरल वीडियो में सिपाही एक ट्रेडर्स की दुकान पर बैठकर दुकान मालिक से रुपये लेते दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने मामले की प्रारंभिक जांच की। जांच के दौरान ग्राम तेरवा निवासी दुकानदार अम्मार गाजी ने सिपाही को रिश्वत देने की बात से इनकार किया। उसका कहना था कि वीडियो दो से तीन वर्ष पुराना है। सिपाही ने दुकान से कुछ सामान खरीदा था, जिसे वापस करने पर दुकानदार ने उसे रुपये लौटाए थे। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि सिपाही प्रेम नारायण का पिछले महीने थाना सैरपुर में स्थानांतरण हो गया था। हालांकि थाने में कोई चालक नियुक्त न होने के कारण सरकारी वाहनों के संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी उसी के पास थी। इसके चलते उसकी रवानगी नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में प्रारंभिक जांच की गई थी। दुकानदार ने रिश्वत के आरोपों को खारिज किया है। हालांकि अधिकारियों ने वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए सिपाही को निलंबित कर दिया है।

## राजमिस्त्री की मौत पर परिजनों का हंगामा, साढ़े चार घंटे बाद अंतिम संस्कार को हुए राजी

**हत्या का मुकदमा दर्ज करने और परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग, एसीपी के आश्वासन पर माने परिजन**



**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** रहीमाबाद के संत नगर गांव में राजमिस्त्री सुभाष चंद्र (43) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद बुधवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इसके साथ ही परिवार को सरकारी जमीन का पट्टा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और बच्चों की निशुल्क शिक्षा दिलाने की मांग उठाई। करीब साढ़े चार घंटे तक चले हंगामे के बाद एसीपी के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

संत नगर निवासी सुभाष चंद्र सोमवार शाम घर से बीड़ी लेने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मंगलवार सुबह गांव के बाहर खेत में उनका शव संदिग्ध हालात में मिला था। शव के गले में उनकी ही आधी पैंट फंसी हुई थी, जबकि पैंट का दूसरा हिस्सा पेड़ से लटक रहा था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए थे। परिजनों ने पड़ोस के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। एसीपी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में कठोर कार्रवाई करने और राजस्व विभाग के माध्यम से पीड़ित परिवार को नियमानुसार सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सुभाष चंद्र का अंतिम संस्कार किया गया।

## इंटीग्रल विवि में नवप्रवेशित एमबीबीएस बैच का व्हाइट कोट समारोह सम्पन्न



**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा नवप्रवेशित एमबीबीएस बैच 2026 के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑडिटोरियम में व्हाइट कोट समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के चिकित्सा शिक्षा एवं व्यावसायिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरूआत का प्रतीक बना।

इस अवसर पर डॉ. सैयद एम. फौजान अख्तर, अपर प्रो-चांसलर, इंटीग्रल विश्वविद्यालय ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा भावी चिकित्सकों के सर्वांगीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इसके बाद कुलपति प्रो. फुरकान कमर ने अपने संबोधन में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, समर्पण, व्यावसायिक दक्षता एवं निरंतर अध्ययन के महत्व पर बल दिया।

प्रो-चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चिकित्सा पेशे में नैतिक मूल्यों, ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के उच्चतम मानकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण व्हाइट कोट समारोह रहा, जिसमें नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों ने श्वेत कोट धारण किया।

## आर्थिक स्वावलंबन की नयी इबारत लिख रहीं महिलाएं

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** भैया दूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। इसी भावना को प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की पहल से जोड़ते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार की योजनाओं से प्रदेश की महिलाएं अब आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ परिवार और समाज के निर्णयों में भी अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों, लखपति दीदी अभियान, बीसी सखी योजना और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहलों ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई राह खोली है।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाई का धर्म निभाते हुए प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। सरकार की योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक मजबूती के साथ समाज में सम्मान और निर्णय लेने का अवसर मिला है। प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की बड़ी उपलब्धि स्वयं सहायता समूहों के विस्तार के रूप में सामने आई है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अब तक 11.85 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं।

इनके माध्यम से 67,021 ग्राम संगठन और 3,297 संकुल स्तरीय संघ बनाए गए हैं। इन समूहों से 1.38 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़कर रोजगार और स्वरोजगार की गतिविधियों में भागीदारी कर रही हैं। महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए संचालित लखपति दीदी अभियान के तहत प्रदेश में 54 लाख से अधिक महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है। इनमें से 28 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। यह उपलब्धि ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भागीदारी और स्वरोजगार के माध्यम से उनकी आय में हो रहे सुधार को दर्शाती है।

स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए सरकार एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और प्रमुख बाजारों में विशेष शोरूम स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके अलावा प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विकसित करने की योजना है, जहां दुकानों का आवंटन महिलाओं को किया जाएगा। इससे महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में बीसी सखियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में 40,048 बीसी सखियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से अब तक 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेनदेन किया जा चुका है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आय का अवसर मिलने के साथ गांवों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत प्रदेश की 28.44 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित हुई हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 68 लाख माताओं को लाभ मिला है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत भी दो लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। इन योजनाओं से बेटियों की शिक्षा, मातृत्व सहायता और महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों को जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा गया है। प्रदेश में 60 हजार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से राशन वितरण कराया गया।

## कार की लाइट टूटने पर अधेड़ को पीटा

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार को कार की बैकलाइट टूटने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक अधेड़ पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पीड़ित की पत्नी ने गाँव के ही दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के पहाड़पुर निवासी महिला सुमन सिंह के मुताबिक 8 नवंबर रविवार सुबह करीब 10:30 बजे उनका बेटा घर पर खड़ी पिकअप गाड़ी बैक कर रहा था।

इसी दौरान परिवार के ही धर्मेंद्र सिंह की कार में टक्कर लग गई, जिससे उसकी बैकलाइट टूट गई। इस पर धर्मेंद्र ने उनके बेटे की पिटाई कर दी। सुमन का कहना है कि बाद में 3500 रुपये देकर समझौता हो गया। लेकिन आरोप है कि शाम करीब चार बजे सुमन के पति हनुमान सिंह जुनाबगंज जा रहे थे, तभी देशी शराब ठेके के सामने धर्मेंद्र सिंह के पिता बसंत सिंह ने उन्हें रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे हनुमान बुरी तरह घायल हो गए। बाद में आनन फानन उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एसजीपीजीआई में छह नये सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को मंजूरी

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ने देश में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने संस्थान के छह विषयों में पोस्टग्रेजुएट सुपर-स्पेशियलिटी (डीएम और एमसीएच) कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान कर दी है। इस निर्णय से न केवल राज्य में क्वाटरनरी (उच्चतम स्तर की) स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि कई क्षेत्रों में संस्थान को देश और प्रदेश का पहला प्रशिक्षण केंद्र बनने का गौरव हासिल हुआ है।

नए पाठ्यक्रमों में डीएम हेमेटोपैथोलॉजी (3 वर्ष) एनएमसी से मान्यता मिलने के बाद एसजीपीजीआई प्रदेश का ऐसा पहला संस्थान बन गया है जो यह कोर्स शुरू करेगा। यह थैलेसीमिया और हीमोफीलिया जैसी गंभीर बीमारियों के सटीक प्रयोगशाला जांच और इलाज में मददगार साबित होगा। डीएम मैटरनल एंड फीटल मेडिसिन (3 वर्ष) 'गर्भस्थ शिशु को एक मरीज' के रूप में मानकर इलाज का प्रशिक्षण देने वाला यह भारत का पहला 3 वर्षीय डीएम कार्यक्रम है।

डीएम पेन मेडिसिन (3 वर्ष) देश में करीब 30 प्रतिशत वयस्क क्रोनिक पेन (गंभीर और लंबे समय के दर्द) से पीड़ित हैं। एमसीएच कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जरी (6 वर्ष) एमबीबीएस स्नातकों के लिए सीधे हार्ट सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल करने का यह देश का पहला 6 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम है। एमसीएच पीडियाट्रिक यूरोलॉजी (6 वर्ष) बच्चों के मूत्र संबंधी रोगों के इलाज में संस्थान ने यह 6 वर्षीय पाठ्यक्रम शुरू किया है।

रेडियोथेरेपी और ऑन्कोलॉजी (6 वर्ष) यूके की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) के मानकों पर आधारित यह कार्यक्रम कैंसर रोगियों को प्राथमिक स्तर से लेकर अंतिम चरण तक बेहतर देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

## कर्मचारियों पर दबाव बनाने को लेकर एसोसिएशन सख्त

### लोनिवि मिनिस्टीरियल एसो. ने कर्मचारियों के उत्पीड़न व नियम विरुद्ध कार्रवाई का किया विरोध

- एसोसिएशन के महामंत्री ने अधिकारियों को भेजा पत्र, जनरल सिक्योरिटी वापसी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई रोकने की उठायी मांग

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में इन दिनों एक ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार की जमानत राशि वापस लेने का प्रकरण काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि विभाग के अधिकारी नियम विरूद्ध ठेकेदार की जमानत राशि वापस करने का दबाव कर्मचारियों पर बना रहे है। इसके लिए उच्चाधिकारियों के नाम लेकर मौखिक दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही कर्मियों के मना करने पर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। वह भी तब कहा जा रहा है जब ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड किया जा चुका है और शासन के निर्देश पर उस पर जांच अभी चल रही है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी मिलीभगत कर ठेकेदार की जमानत राशि वापस कराने में लगे हुए है।

इस पर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने कर्मचारियों पर कथित उत्पीड़न और उन पर बनाये जा रहे दबाव के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री मनीष कुमार शुक्ला द्वारा जारी एक पत्र के माध्यम से विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया गया है।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद के निर्देशानुसार कूट रचित/फर्जी दस्तावेजों, अभिलेखों एवं शपथ पत्रों पर आदि की जांच वर्तमान में प्रचलित है। ठेकेदार श्रीमती शालिनी दीक्षित ठेकेदार, उरई जालौन को वर्ष 2024 में कूटरचित दस्तावेज जांच में पाये जाने पर आजीवन ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है और इस फर्म द्वारा प्रदेश में कराये गये कार्यों की जांच विषयक आख्या मुख्यालय से मांगा जा रहा है जिसमें अभी तक सभी क्षेत्रीय कार्यालयों से जांच रिपोर्ट नहीं आ पायी है।

इसी विषम परिस्थिति के चलते सामान्य वर्ग में कार्यरत सहायकों द्वारा संघ को अपना मंतव्य अवगत कराया गया है। नियमावली की धारा 13 के उपनियम 06 के अनुसार वर्गीकृत ठेकेदारों के रजिस्टर से नाम हटाये जाने की तारीख से छह महीने की अवधि पूरी होने पर, ठेकेदार को सामान्य सुरक्षा राशि वापस की जा सकती है। फिलहाल अभी ठेकेदार के खिलाफ जांच प्रचलित होने के कारण 31 दिसंबर 2026 के पूर्व जनरल सिक्योरिटी के वापस किये जाने पर विचार नहीं किया जा सकता।

एसोसिएशन का आरोप है कि इस स्थिति के बावजूद कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है और उन पर नियम विरुद्ध कार्रवाई और नोटिस के लिए अनुचित दबाव बनाया जा रहा है, जिसका संघ ने पुरजोर विरोध किया है। संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों पर इस प्रकार का मानसिक दबाव और नियम विरुद्ध कार्रवाई तत्काल रोकी जाए। इसके लिए एसोसिएशन ने अधिकारियों को प्रतिलिपियां भेजी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पत्र की प्रतिलिपि पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन), मुख्य अभियंता (मुख्यालय-2) को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी है।

## संक्षेप

### मिर्गी का दौरा आने से अधेड़ पानी में गिरा डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर कला गांव में बुधवार को मिर्गी का दौरा आने से पुलिया से नीचे पानी में गिरकर 55 वर्षीय अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार घाटमपुर कला निवासी रमेश यादव (55) पुत्र प्रभु को मिर्गी के दौरे आते थे। बुधवार सुबह वह घर से घाटमपुर चौराहे की ओर गए थे। वापस लौटते समय गांव के किनारे स्थित मंदिर के तालाब के पास बनी पुलिया पर बैठ गए। इसी दौरान अचानक मिर्गी का दौरा आने से वह पुलिया से नीचे पानी में जा गिरे। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।मृतक के भाई रामनारायण ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोतवाल अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि भाई की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक अविवाहित थे और अपने भाई के साथ रहकर खेती-बाड़ी में सहयोग करते थे।

### परिषदीय स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता अब केपीआई के पैमाने पर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अब परिषदीय विद्यालयों में सिर्फ पढ़ाई होने से बात नहीं बनेगी, बल्कि बच्चों के सीखने के स्तर से लेकर स्कूल की बुनियादी सुविधाओं तक हर पहलू का हिसाब तय मानकों पर होगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने विद्यालयों की गुणवत्ता और योजनाओं की प्रगति पर नजर रखने के लिए केपीआई (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत विद्यालय, ब्लॉक और जिला स्तर पर तय लक्ष्यों के मुकाबले उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाएगा।प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि केपीआई के जरिए निपुण भारत मिशन, कैच अप कार्यक्रम, शिक्षक प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर और विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की प्रगति को निर्धारित मानकों पर परखा जाएगा। पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग के साथ गैप एनालिसिस किया जाएगा, जिससे किस स्तर पर कमी है, इसकी पहचान कर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।बीईओ शुचि गुप्ता के अनुसार निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। विद्यालयों में चल रही शैक्षिक गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति की भी नियमित समीक्षा की जाएगी।केपीआई में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं को भी अहम स्थान दिया गया है। भवन निर्माण, ऑपरेशन कायाकल्प, जर्जर भवनों का निस्तारण, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी मूल्यांकन का हिस्सा होगी। आंकड़ों के आधार पर विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सामने आने से कमियों को चिन्हित कर समयबद्ध सुधार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भैया दूज का पर्व नगर एवं समूचे क्षेत्र में आज बुधवार को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की पूजा अर्चना के साथ ही अपने भैया के टीका लगाकर उनकी दीघार्यु कामना की और इस के साथ ही बहनो को भाइयों ने उपहार भी भेंट किया। दीपावली त्यौहार के अन्तर्गत आज यम द्वितीया के दिन भाई बहन के पर्व भैया दूज का पर्व मनाया गया। भैया दूज पर आज टीका लगाने का शुभ मुहूर्त रहा। भाई-बहन के पवित्र प्यार के इस त्योहार को लेकर बहनों ने सुबह से ही तैयारियां पूरी कर ली थी। भैया दूज त्योहार पर घरों में बहनों ने आकर्षक रंगोली सजाई। इसके बाद पूजा अर्चना कर भैया के टीका लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना करती हैं। उधर भाइयों ने भी अपनी प्यारी बहना के लिए उपहार खरीदे करके भेट किये। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। वह उससे बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करो। अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालता रहा। कार्तिक शुक्ला का दिन आया। यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया।

यमुना ने कहा कि भैया आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक की राह की। इसी दिन से पर्व की परम्परा बनी। ऐसी मान्यता है कि जो आतिथ्य स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता। इसीलिए भैयादूज को यमराज तथा यमुना का पूजन किया जाता है।

## भाई दूज पर मायके जा रही युवती मार्ग दुर्घटना में घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के समाधा गांव निवासिनी राधा (32) पत्नी रामचन्द्र अपने पति के साथ बाइक से भाई दूज के त्योहार पर मायके दरसवा गांव जा रही थी, कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर असोहा से पहले देसी ठेके के पास असोहा की तरफ से आ रहे चार पहिया बुलेरो से रामचन्द्र की बाइक टकरा गई टक्कर लगते ही राधा सड़क पर गिर गई कालूखेड़ा की तरफ से आ रहे ट्रक की चपेट में गिरी पड़ी राधा आ गई, ट्रक चालक अचानक हुई दुर्घटना में जब तक तक सम्भलता सम्भलता तब तक ट्रक के पहिये राधा के पैरों के ऊपर से गुजर गए, रास्ते से निकल रहे अनुज शुक्ल ने दुर्घटना में घयाल पड़ी राधा को देख पुलिस को सूचना करते हुए एम्बुलेंस को सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा पहुंचाया ,जहां डॉक्टरों ने हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि ट्रक चालक सहित पुलिस की गिरिफ्त में है अभी तक किसी भी प्रकार की कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है।

## युवा समाजसेवी का 42वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां के पटकी टोला निवासी पूर्व सभासद एवं युवा समाजसेवी टिंकू त्रिपाठी का 42वां जन्मदिन मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके आवास सहित नगर के कई स्थानों पर शुभचिंतकों और समर्थकों ने केक काटकर उन्हें बधाई दी और दीघार्यु की कामना की।

जन्मदिन का मुख्य आयोजन उनके निजी आवास के अलावा बसहा तिराहा स्थित आशु शुक्ला के आवास तथा पेन्ट के डीलर नितिन द्विवेदी के प्रतिष्ठान पर भी आयोजित किया गया। जहां लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और 42वें जन्मदिन की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर जय शंकर पांडे, वीरेंद्र शुक्ला, मनु महाराज, गोपी मिश्रा, मुकेश गुप्ता, नितिन द्विवेदी, छोटू सिंह, विवेक द्विवेदी, सक्षम द्विवेदी, प्रदीप मिश्रा सहित नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने टिंकू त्रिपाठी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते हैं।

अंत में त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों, मित्रों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद इसी प्रकार बना रहे।

## रामलीला का भव्य आगाज, बोले सीएल यादव कृष्णा - राम के आदर्श ही जीवन का आधार



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। ग्राम खजुहा खेड़ा में जय माँ वैष्णो रामलीला समिति की ओर से आयोजित भव्य रामलीला का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सीएल यादव कृष्णा ने फीता काटकर किया। इस दौरान समिति व ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सीएल यादव कृष्णा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मयार्दा और त्याग की राह दिखाता है। रामलीला सिर्फ मंचन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों को आने वाली पीढ़ी तक ले जाने का माध्यम है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजक अमर पाल और पूरी समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार, इंजी. अभिषेक सिंह यादव, राहुल कुमार, ओम प्रकाश दीक्षित, संतोष लोधी, रामपाल कश्यप सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सैकड़ों वाहनों से निकली कलश यात्रा, क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगण में ग्यारहवें नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।

अयोध्या से आए यज्ञाचार्य कुलदीप शास्त्री व अन्य यज्ञाचार्यों ने यजमान बने ब्राह्मणों सहित एक सैकड़ा कन्याओं को वैदिक रीति-रिवाज तथा मंत्रोच्चार द्वारा कलश उठवाए। उक्त कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से असोहा, नेवादा, अजयपुर, भाऊ मऊ, इस्लामनगर, निमैचा होते हुए सई नदी तट स्थित देवल मुनि आश्रम पर सैकड़ों दोपहिया, चौपहिया वाहनों के साथ बाजे-गाजे के साथ पहुंची।

कलश यात्रा में क्षेत्र के पाठकपुर, नेवादा, रैनपुर, बाबुरहा, गोरिन्दा, कन्दरपुर, सेमरी, निमैचा सहित दर्जनों गांवों के भगवत प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नदी पर कलश का पूजन आदि करवाकर यज्ञाचार्यों ने कलश यात्रा का समापन कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगण में कराया।

कुटी बीर बाबा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि आज शाम रामकथा का रसपान नैमिष से आए मानस लहरी के मुखारबिंद से होगा। आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने क्षेत्रवासियों से रामकथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

यात्रा के दौरान पुनीत शुक्ल, शिवम तिवारी, राजन दीक्षित, योगेश सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, दिनेश पांडे, विकास शुक्ल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## साड़ी बाइक में फंसने से अधेड़ महिला की मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इन्कार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र में साड़ी का पल्लू बाइक में फंसने से 52 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।पुरवा थाना क्षेत्र के बाजार खेड़ा निवासी 52 वर्षीय रानी अपने पति महाबीर के साथ सोहरामऊ थाना क्षेत्र के निबहरी गांव अपने मायके जा रही थीं। असोहा-भल्लाफार्म मार्ग पर वह लाला खेड़ा चौराहे से थोड़ा आगे पहुंची ही थीं कि साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिए में फंस गया।पल्लू फंसते ही गर्दन कस गई और वह चलती बाइक से सड़क पर गिर गईं। सड़क पर गिरने व गर्दन कसने की वजह से रानी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की मदद से पति महाबीर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा लाए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव घर ले गए।मृतका रानी अपने पीछे दो पुत्र सुनील, सोनू तथा तीन पुत्रियां सोनल, राधा, संध्या को रोता-बिलखता छोड़ गई हैं।

## पहले आनलाइन दोस्ती फिर लाखो की ठगी दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के मिल्लीपुर -भगवंतनगर निवासी राज कमल पुत्र बड़कू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग 10 महीने पूर्व उनकी ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से हेमलता कुमारी पुत्री सुरेन्द्र नारायण राउत, निवासी पुरानी धुरोही रोड बरारी, पीछे प्रदीप मील, जनपद भागलपुर, बिहार से बातचीत शुरू हुई थी। आरोप है कि विपक्षी ने अलग-अलग कारण बताकर उससे धनराशि लेना शुरू कर दिया। ऑनलाइन माध्यम और डॉलर के रूप में कुल लगभग 3,10,000 रुपये ले लिए गए, और अब मांगने पर रुपये वापस करने से इनकार किया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी ने उनका आधार कार्ड लेकर उसका दुरुपयोग किया और उनके नाम पर लगभग 7,500 रुपये का लोन करवा लिया। इसके अलावा, बीमा कराने के बहाने उसके मोबाइल पर स्क्रीन शेयर करवाकर, प्रार्थी के जीजा राम मिलन के मोबाइल पर आए ओटीपी का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि उनके खाते से 1,91,000 रुपये निकालकर अन्य दो खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। पीड़ित राज कमल ने हेमलता कुमारी, जितेन्द्र कुमार और अमित कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। थानाप्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच और विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

## जिला जेल में भाई दूज पर उमड़ा भावनाओं का सैलाब, 200 से अधिक बहनों ने बंद भाइयों को लगाया तिलक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला जेल में बुधवार को भाई दूज के अवसर पर बहनों ने बंद भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। सुबह से ही जेल के बाहर बहनों की लंबी कतारें लग गईं।मुलाकात का सिलसिला सुबह 10 बजे शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। दोपहर तक करीब 200 बहनें अपने भाइयों से मिल चुकी थीं। मुलाकात के लिए सुबह से ही टोकन बांटे गए। अपनी बारी के इंतजार में बहनें घंटों लाइन में खड़ी रहीं। जेल गेट पर लंबा इंतजार करने के बाद उन्हें भाइयों से मिलने का मौका मिला। सजा काट रहे और विचाराधीन बंदियों से मिलने आई बहनों की संख्या अधिक रही।मुलाकात के दौरान कई बहनों ने उपहार लेने के बजाय भाइयों से अच्छाई और नेकी की राह पर चलने का वचन लिया। इस दौरान कई भाई-बहन भावुक होकर रो पड़े।जेल अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि दूर-दराज से आई बहनों के लिए मुलाकात की विशेष व्यवस्था कराई गई थी, ताकि वे भाई दूज पर अपने बंद भाइयों से मिलकर त्योहार मना सकें।

## मंदिर परिसर में साईं बाबा कि मूर्ति कि स्थापना



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित गौरीशंकर महादेव मंदिर परिसर में स्थित मंदिर आज साईं बाबा की मूर्ति स्थापना बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापित की गई। कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला नेहरू नगर में गौरी शंकर मंदिर परिसर में स्थित मंदिर में आज साईं बाबा की मूर्ति की स्थापना विधि विधान से आचार्य गणों के मंत्रोच्चारण के साथ की गई। मूर्ति की स्थापना कृष्णकांत दीक्षित के संयोजन में हुई। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य में शिरडी से वह मूर्ति यहां लाकर स्थापित कराई। हवन पूजन के बाद नगर तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया ।

## साइकिल से टकराई बाइक, इलाज के दौरान दो युवकों की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा-भल्लाफार्म मार्ग पर मालाखेड़ा मोड़ के पास बाइक की साइकिल से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई।



मृतक सुजीत (24) पुत्र रामचंद्र लोधी और सतीश (26) पुत्र विजय कुमार दोनों असोहा थाना क्षेत्र के चंदनखेड़ा गांव के रहने वाले थे। बताया गया कि दोनों बीते 9 नवंबर को बाइक से अपने ननिहाल नवाबगंज जा रहे थे, तभी मालाखेड़ा मोड़ के पास यह हादसा हो गया।

टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से परिजन उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले गए। बुधवार को इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।दोनों की मौत की खबर से गांव में शोक छा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत दो महिलाओं समेत छह घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली के शारदा नहर पटरी मार्ग पर नैनीखेड़ा गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने चार घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ओसिया गांव निवासी रिपदमन सिंह (20) पुत्र आलोक सिंह अपनी मां कल्पना सिंह (40) और बड़ी मां उर्मिला सिंह के साथ रिश्तेदारी में कथा सुनने जा रहे थे। उनकी बाइक सफीपुर-चौधरीखेड़ा शारदा नहर ब्रांच की पटरी पर नैनीखेड़ा गांव के समीप पहुंची थी, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई।दूसरी बाइक पर फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ऊगू कस्बे के नेवादा मोहल्ला निवासी अंकित (22) पुत्र लालता प्रसाद, अमित (20) पुत्र मिठाई लाल और रोहित (20) पुत्र लोकनाथ सवार थे। टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग घायल हो गए।राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उर्मिला सिंह और अमित को छोड़कर शेष चार घायलों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल अंकित ने बताया कि वे गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र के दारापुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि सभी घायलों का उपचार कराया गया है। उनके परिजन भी अस्पताल में मौजूद रहे

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पडरी कलां में सोमवार की रात पुरानी रंजिश और बच्चों के ताश खेलने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में कुल्हाड़ी चलने से घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान कानपुर के हैलेट अस्पताल में मौत हो गई।मौत की खबर पहुंचते ही हड़कंप मच गया।एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना में नामजद चार आरोपियों में से तीन को पहले ही पुलिस ने जान लेवा हमले के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पड़री निवासी श्याम कांती ने सोमवार की देर रात अचलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पड़ोसी डब्बू, भूरे उर्फ शिवकांत, संजय तथा रामकुमार ने पुरानी रंजिश में उनके परिवार पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजू, मोहित, तुलसी, तथा खुशी घायल हो गए थे घायलों में 42 वर्षीय राजू लोधे के शर में कुल्हाड़ी लगने से उसे गंभीर अवस्था में कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान बीती रात राजू की मौत हो गई।मौत की खबर गांव पहुंचते ही हड़कंप मच गया।बवाल की आशंका के चलते गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।मृतक राजू खेती बाड़ी के साथ राज गिरी का काम करता था वह अपने पीछे पत्नी पूनम के अलावा दो पुत्र लवकुश, सुमिति तथा पुत्री खुशी को को छोड़ गया है। एस ओ सुब्रत त्रिपाठी ने बताया मारपीट की घटना में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत हत्या की धाराओं में मुकदमा तरमीम किया किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पति और बच्चा घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बच्चा घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं पति और बच्चे का इलाज किया गया। उनकी हालत सामान्य बताई गई है।जानकारी के अनुसार कन्नौज जिले के सिकंदरपुर तालग्राम निवासी आलोक कुमार मंगलवार शाम अपनी पत्नी मोनी (26) और बच्चे के साथ बाइक से उन्नाव आ रहे थे। गंगा बैराज मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे और घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने मोनी को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। जरूरी कार्रवाई के बाद वे शव लेकर चले गए।बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी भी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## उधारी मांगने पर ससुर व दामाद को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में उधार दिए गए रुपएं वापस मांगने पर ससुर व दामाद की पिटाई कर दी जिससे दामाद गभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव बदुल्ला खेड़ा निवासी बब्लू मंगलवार की शाम अपने पांच साल के बेटे के साथ इसी थाना क्षेत्र के कुलहा गांव अपनी ससुराल आया था उसने छः माह पहले इसी गांव निवासी सुभाष को पुत्री के आपरेशन के लिए को दस हजार रुपए उधार दिए थे जब उसने सुभाष से पैसे वापस मांगें तो वह टालमटोल करने लगा और रुपए देने से इंकार कर दिया इसी बात को लेकर विवाद बढ गया सुभाष ने अपने परिजन नन्हके, चम्मू, सुरेन्द्र, बन्नू, विकास सूरज के साथ मिलकर लाठी डंडे से बबलू पर जानलेवा हमला कर दिया दामाद को पिटता देख बचाने दौड़े ससुर चंद्रपाल को भी लाठी डंडे से पीट कर गंभीर घायल कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने बबलू की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## जुए के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा में मंगलवार शाम जुए के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।जानकारी के अनुसार, गंगाघाट कोतवाली की पश्चिमी चौकी क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जुए को लेकर पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया।वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो से विवाद की पूरी वजह और मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट नहीं हो रही है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही।गंगाघाट इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि चंपापुरवा में दो पक्षों के बीच मारपीट की जानकारी मिली है। दोनों पक्षों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर हादसा, पैदल जा रहे युवक की मौत, बाइक सवार घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर, थाना क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसा अवस्थीखेड़ा मोड़ के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सहदानी गांव निवासी 22 वर्षीय धीरज पुत्र परमेश्वर बाइक से जा रहा था। तभी सर्विस रोड पर पैदल जा रहे युवक से उसकी बाइक टकरा गई।सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को खबर दी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अज्ञात युवक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।

> दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की जहरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है। सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में वह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न घुलते हैं। नमी और कोहरे में वैसे रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती है और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाकी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालांकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफ़िल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फ़ॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाज़ियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाके भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहां से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुज़ुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाज़ियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया हुआ एन95 मास्क और बंद कमरे में एचईपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर है, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

# केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं

> दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की जहरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।



## मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा



# आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश अपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।

इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के चलते आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। स्वयं ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं। वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण बनी छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं। हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है।

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प एक विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा भोगने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसू आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो**

11 नवंबर को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों और विशेषज्ञ से है। आम लोगों और विद्यार्थियों के बीच में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह हमारे जीवन के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इंसान को जितनी बहुत असलियतें दान दी हैं। जरूर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य बहुत सी तकनीकी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए खुश तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो तो वरदान है अन्यथा तो अभिशाप बनेगी। - महेश साहू, सरायकला

## टेंड

**मुफ्त एलपीजी सिलेंडर**



दिल्ली की कई लड़की लड़कों और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार दिलाने पर तवज्जो दे रही है। अब 15 लाख से अधिक लड़कियों के बैंक खातों में 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**वायु प्रदूषण**



हर वायु प्रदूषण के मामले में 'डिस्कशन' क्यों करते जा रहे हैं? आइए आज, दिखावे के तक, छोड़ें बातें और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो जनता की पहचान बन गई है। पीएम मोदी ने इसे एक 'बड़ी चुनौती' बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

**जनता का समर्थन**



आज, जब भारत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है और तमाम संकटों व चुनौतियों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी सिर्फ जनता का समर्थन खो दिया है, इसे कहीं नहीं ठौर न दिख रही है
- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

**हालात बदतर**



यह दुखद और निंदनीय है कि दोष और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हर साल और ख़राब हो रहे हैं। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।
- पी. चिदंबरम, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद

रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपने कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके स्थायीकृत दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है।




## ऑफ बीट

# कैंसर की शुरूआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव

गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि रोगी को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो यह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है।



## संक्षेप

### गौरीगंज में जूते-चप्पल की दुकान में आग लगी

**लाखों का सामान जलकर खाक, शॉर्ट सर्किट होने की आशंका**

अमेठी , गौरीगंज में रात करीब 8 बजे जूते-चप्पल की दुकान में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दुकान में रखा सामान जलने से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। यह दुकान गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में सुलतानपुर रोड स्थित वली का पुरवा, वार्ड नंबर 24 में है। दुकान मालिक मनोज कुमार मिश्र पास के गांव रोहड़ी मजरे सराय भगमानी के रहने वाले हैं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना गौरीगंज पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। आग बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। समय रहते आग बुझने से आसपास की दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक आग नहीं फैली। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है।

### 58 परिवारों को मिले सहायता के चेक

**विधायक ने बांटे 2 करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपए**

अमेठी ,मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत गौरीगंज तहसील में सहायता राशि बांटी गई। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने 58 परिवारों को 5-5 लाख रुपए के चेक दिए। कुल 2 करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपए की सहायता दी गई। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, गौरीगंज की उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव, तहसील के अन्य अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे।राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की यह योजना संकट के समय किसान परिवारों की मदद करती है। उन्होंने कहा कि किसानों और उनके परिवारों की सुरक्षा और आर्थिक मजबूती सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विधायक ने लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक राकेश प्रताप सिंह का आभार जताया।

### ट्रैक्टर और मारुति वैन की टक्कर में ड्राइवर घायल

**अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 68वें किमी पर हादसा, ड्राइवर का हाथ टूटा**

अमेठी , बाजार शुक्ल विकासखंड के काजीपुर ग्रामसभा में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 68वें किमी पर ट्रैक्टर और मारुति वैन की टक्कर हो गई। हादसे में वैन ड्राइवर का हाथ टूट गया। हादसा निरही गढ़ के पास अंडरपास के बगल में हुआ। टक्कर के बाद ट्रैक्टर पलट गया और उसका टायर फट गया। ग्रामीणों ने डायल 100 पर फोन किया और घायल ड्राइवर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। राम भवन ने बताया कि टक्कर तेज थी। ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को उठाया जा रहा था।

# 11000 दीपों की रोशनी से जगमगाया नानपारा में काली कुंडा सरोवर

## भव्य दीपोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



रुपईडीहा, बहराइच। दीपावली के पावन पर्व पर नानपारा काली कुंडा सरोवर में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले हिंदू वाहिनी संघ के धर्मेंद्र शुक्ला गोपाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नानपारा काली कुंडा सरोवर पहुंचकर शंकर जी का दर्शन किया एवं प्रसाद चढ़ाया। आपको बताते चलें राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहुंचते ही सैकड़ो की संख्या में उपस्थित राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के कार्यकताओं ने जय श्री राम जय जय श्री राम का उद्घोष लगाया। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर दीप उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूरा काली कुंडा सरोवर परिसर 11000 दीपों की अलौकिक रोशनी से जगमगा उठा। दीपों की जगमगाहट और भक्ति के माहौल ने काली कुंडा सरोवर परिसर को आकर्षक और आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। दीपोत्सव में शामिल होने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी पहुंचे कार्यक्रम दीप प्रज्वल कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदू वाहिनी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला गोपाल नेदीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मंदिर परिसर में एक साथ हजारों दीप जलाए गए। दीपों की कतारों से कालीकुंड परिसर रोशनी से नहा उठा। इस मनमोहक दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। चारों ओर जयकारों और भक्ति भाव का वातावरण बना रहा इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ रुपईडीहा से बलराम शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव/जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य, रमेश कुमार मिश्रा, तेजप्रसाद वर्मा, ललित त्रिपाठी, समाजसेवी पंकज त्रिपाठी ने विधिवत आरती उतारी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने भी भोलेनाथ का दर्शन कर दीप प्रज्वलित किए और परिवार की मंगलकामना के साथ पूजा-अर्चना की दीपोत्सव के दौरान नानपारा काली कुंडा सरोवर पर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। 11000 दीपों से जगमगाते सरोवर का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस आयोजन ने दीपावली के पारंपरिक महत्व और सनातन संस्कृति में दीप प्रज्वलन की परंपरा को एक बार फिर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में नानपारा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ समर्पित पत्रकार कमलेश कुमार सोनी, विजय मिश्रा, सासन द्वारा नामित वार्ड सदस्य उषा सिंघानिया, कैलाश नाथ सोनी, मिश्रा कौशलेंद्र मिश्र, नृगराज शर्मा, विजय मिश्रा सहित समाजसेवी गणमान्य नागरिक भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गणेश-लक्ष्मी पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक ने किया भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र में दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित श्री गणेश-लक्ष्मी पूजन समिति चिलबिला प्रांगण पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने किया।

इस अवसर पर विधायक ने भगवान श्री गणेश एवं माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। इनके माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। भव्य सजावट, आकर्षक धार्मिक झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष बना दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में समिति की तरफ से मुख्य अतिथि विधायक राम निवास वर्मा का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया और कार्यक्रम में शामिल हेतु आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरिहर वर्मा, उपनिरीक्षक विशाल पाठक, आरक्षी तनवीर खान, कमलेश कुमार सहित अभय त्रिपाठी, मनीष सोनकर, पंकज सोनकर, दिलीप कुमार, शुभम सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# थाना रुपईडीहा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गणेश-लक्ष्मी पूजन की धूम, भक्तिमय हुआ माहौल

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। दीपावली पर्व के अवसर पर नवाबगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में गणेश-लक्ष्मी पूजन महोत्सव की धूम मची हुई है। रुपईडीहा, कन्हैयालाल पुरवा, वीरपुर, चिलबिला, हकीम गांव सहित आसपास के कई गांवों में दीपावली महालक्ष्मी पूजन के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। गांवों में आकर्षक सजावट, रोशनी और भक्ति गीतों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। हकीम गांव, चहलवा, सुकई गांव आदि गांवों मे पूजा महोत्सव में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। आपको बताते चले की थाना रुपईड़ीहा क्षेत्र अंतर्गत इस बार दीपावली लक्ष्मी पूजन के मौके पर 25 स्थानों पर गणेश लक्ष्मी प्रतिमायें स्थापित की गई हैं। इस दौरान थाना रुपईडीहा पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम भी किए गए। कोतवाल रुपईडीहा हरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा बराबर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निगरानी की जा रही है।

# संचार कर्मी व शतक रक्तदाता पवन जायसवाल ने एक सौ दसवीं बार किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के बाँके जिले के संचारकर्मी तथा शतक रक्तदाता पवन जायसवाल ने 110वीं बार रक्तदान किया है।बर्दिया जिले के ठाकुरबाबा नगरपालिका वार्ड नं.-3 बगनहा निवासी रामकलिया थारू भेरी अस्पताल नेपालगंज में उपचार करा रही थीं। खून की कमी होने के कारण प्रादेशिक रक्त संचार केंद्र नेपालगंज में जाकर पवन जायसवाल ने 110वीं बार रक्तदान किया।नेपालगंजउप-महानगरपालिका वार्ड नं.-19 सुजीगाँव के निवासी पवन जायसवाल ने रक्तदान की शुरूआत पहली बार वि.सं. 2046 साल असोज 4 गते (20 सितंबर 1989) को नेपालगंज जेसीज के आयोजन में रक्तदान करके की थी। उसी समय से निरंतर रक्तदान करते आ रहे हैं। 2083 कार्तिक 18 गते तक (04 नवंबर 2026) उन्होंने 110वीं बार रक्तदान किया है। बाँके और बर्दिया जिले में विभिन्न संघ-संस्थाओं द्वारा आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागी होकर रक्तदान भी करते हैं और रक्तदान करने की प्रेरणा भी देते आ रहे हैं। बाँके जिला नेपालगंज के वरिष्ठ पत्रकार पूर्णलाल चुके द्वारा प्रकाशित/संपादित जनमत अर्द्ध साप्ताहिक पत्रिका के रजत वर्ष 2063 बैशाख 29 गते (20 वर्ष) से नियमित त्रैमासिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है, उस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में रहे हैं। उनको रक्तदान करने के लिए आमेन्द्र जायसवाल ने हौसला प्रदान किया था। रक्तदाता पवन जायसवाल ने बताया रक्तदान करने से कोई व्यक्ति कमजोर नहीं होता है। स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने लोगों को रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया।

# ई-पॉस सर्वर ठप होने से किसानों को खाद नहीं मिली

**भदैया की समितियों में डीएपी और यूरिया लेने पहुंचे किसान घंटों इंतजार के बाद लौटे**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, भदैया की सहकारी समितियों में बुधवार को ई-पॉस मशीनों का सर्वर ठप रहा। इसके चलते किसानों को डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल सकी। गेहूं की बोआई पर भी इसका असर पड़ा। भदैया ब्लॉक की किसान साधन सहकारी समिति भपटा, हनुमानगंज, बरुई और कंधईपुर समेत कई समितियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्वर बंद रहा। बायोमीट्रिक सत्यापन नहीं होने से खाद का वितरण रुक गया। हनुमानगंज समिति में किसान जगन्नाथ, मिथलेश तिवारी, फुन्ने दूबे और आशुतोष तिवारी समेत सैकड़ों लोग खाद लेने पहुंचे। दोपहर 12 बजे के बाद तक अंगूठे का सत्यापन नहीं हो सका। किसान सर्वर चालू होने का इंतजार करते रहे। जय प्रकाश, इन्द्रकुमार, नंदलाल, मेहीलाल, रामसेवक और घनश्याम समेत कई किसान बिना खाद लिए लौट गए। कुछ किसान केंद्रों पर सर्वर चालू होने का इंतजार करते रहे। अभियाकला के किसान आशुतोष कुमार तिवारी ने बताया कि वे दोपहर 12 बजे खाद लेने पहुंचे थे। दो घंटे बाद भी सर्वर चालू नहीं हुआ, इसलिए उन्हें डीएपी नहीं मिली।

# जमीन विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

## बेटा घायल, घर में घुसकर हमला; 4 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें घायल कन्हैयालाल वर्मा (54) की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके बेटे संतोष वर्मा का इलाज जारी है।मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कन्हैयालाल की मौत के बाद केस में हत्या की धारा भी जोड़ दी गई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के राजू का पुरवा नरैनी गांव का है।

### बेटे को बचाने पहुंचे पिता पर हमला

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे संतोष वर्मा और अभय शुक्ल के परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस अभय शुक्ल, विपुल शुक्ल, संजय शुक्ल और महेंद्र शुक्ल ने संतोष पर हमला कर दिया। कन्हैयालाल बेटे को बचाने पहुंचे, तो उन पर भी हमला किया गया। आरोप है कि कन्हैयालाल घर के अंदर गए, तो हमलावर भी घर में घुस गए और उन पर टूट पड़े। हमले में घायल कन्हैयालाल और संतोष को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान कन्हैयालाल की मौत हो गई।

### हत्या की धारा जोड़ी, गिरफ्तारी के लिए सात टीमें

संतोष की पत्नी खुशबू की शिकायत पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। कन्हैयालाल की मौत के बाद मुकदमे में हत्या की धारा भी जोड़ दी गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सीओ श्वेताभ भास्कर ने कहा कि गिरफ्तारी के लिए सात टीमें गठित की गई हैं। आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# थाने के पीछे जुआ खेलते पकड़े गए आठ लोग

## अलीगढ़ में पुलिस ने 34730 रुपए और 52 ताश के पत्ते जब्त किए

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़। सिविल लाइंस थाने के पीछे बने बगीचे में जुए का फड़ सज रहा था। यहां आठ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। थाने के नजदीक ही जुए का यह खेल चलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने बुधवार तड़के दबिश दी। पुलिस टीम ने बगीचे की घेराबंदी कर मौके से आठ लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे और जुए के फड़ से कुल 34,730 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने 52 ताश के पत्ते भी जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस

सतवीर सिंह थाना प्रभारी सिविल लाइन ने बताया कि, बुधवार रात करीब 2:50 बजे उपनिरीक्षक मोहम्मद आसिफ पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सिविल लाइंस थाने के पीछे स्थित बगीचे में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को अचानक सामने देखकर जुआ खेल रहे लोग भागने में सफल नहीं हो सके। टीम ने सभी आठ लोगों को मौके से पकड़ लिया।

### फड़ पर रखे मिले 26 हजार रुपये

पुलिस ने जुए के फड़ की तलाशी ली तो वहां 26,150 रुपये नकद मिले। इसके अलावा पकड़े गए लोगों की व्यक्तिगत तलाशी में 8,580 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने मौके से जुए में इस्तेमाल किए जा रहे 52 ताश के पत्ते भी कब्जे में लिए। इस तरह पुलिस ने कुल 34,730 रुपये बरामद किए।

### 28 से 60 साल तक के आरोपी शामिल

पकड़े गए आरोपियों में जगदीश (60), वीर प्रकाश (35), तरुण (29), रामबाबू (50), विनोद कुमार (28), किशन (43), मोहम्मद तारिक (52) और हुसैन (29) शामिल हैं। इनमें कुछ दोदपुर की मंदिर वाली गली और थाने के पीछे वाली गली के रहने वाले हैं, जबकि अन्य गीता विहार कॉलोनी और अमीर निशां क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने सभी आठ आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रनबीर सिंह को सौंपी गई है।

# सरकारी इनोवा की टक्कर से बाइक सवार 3 घायल

## घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया, गांव वालों ने ड्राइवर को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,जयसिंहपुर-बिरसिंहपुर मार्ग पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नुमाएं गांव के पास इनोवा कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने कार और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया।

### ससुराल से बहन के घर जा रहे थे पिता-पुत्र

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बाघसराय गांव निवासी मोहम्मद इदरीस बुधवार सुबह अपने बेटे हसन राजा (35) और पोते फैजान अली (18) के साथ जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गंगेव गांव स्थित अपनी ससुराल आए थे। इदरीस वहीं रुक गए। इसके बाद हसन राजा अपने बेटे फैजान अली और गंगेव निवासी चांद बाबू के साथ बाइक से बाहरी गांव में अपनी बहन के घर जा रहे थे।

### नुमाएं गांव के पास हुआ हादसा

रास्ते में नुमाएं गांव के पास सामने से आ रही इनोवा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने कार और चालक को भी पकड़ लिया।

### सरकारी विभाग में अटैच बताई जा रही कार

कोतवाली प्रभारी विवेक राय ने बताया कि इनोवा किसी सरकारी विभाग की बताई जा रही है। पुलिस वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, कार चालक विजय बहादुर राजमणि त्रिवेदी गोसाईगंज का रहने वाला है। इनोवा ग्राम्य विकास विभाग में अटैच है। ग्रामीणों का दावा है कि इस कार से जयसिंहपुर सर्किल के एक पुलिस अधिकारी का परिवार आता-जाता है। परिवार गाजीपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहुंचता है और वहां से इसी गाड़ी से जिले में आवागमन करता है।

# जमीन विवाद में महिला से मारपीट का आरोप

**जातिसूचक शब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत**



अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बंसी पट्टी गांव की अमरावती देवी ने बुधवार शाम पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने जमीन के विवाद में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। अमरावती देवी के मुताबिक, जमीन को लेकर विवाद के दौरान विपक्षियों ने उनके साथ मारपीट की। विरोध करने पर जातिसूचक शब्द कहे और गाली-गलौज की। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। अमरावती देवी ने बताया कि जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी रंजिश में उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की।

# युवती के लापता होने पर मां ने केस दर्ज कराया

**आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर उसे ले गया, पुलिस ने जांच शुरू की**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती के लापता होने पर उसकी मां ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मां ने आरोप लगाया कि युवक बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मां के मुताबिक, शुक्रवार को युवती स्कूल गई थी, लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं लौटी। परिजन स्कूल पहुंचे तो पता चला कि छुट्टी के बाद सभी बच्चे घर जा चुके थे। इसके बाद उन्होंने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां युवती को तलाशा, लेकिन उसका पता नहीं चला।मां को जानकारी मिली कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैनपुर निवासी महेश सिंह, चंद्रेश सिंह का बेटा, युवती को अपने साथ ले गया है। मां ने आशंका जताई कि बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। मां की शिकायत पर पुलिस ने महेश सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दीप नारायण ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे।घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिसकर्मियों ने लोगों से जानकारी जुटाई और हादसे के कारणों की जांच शुरू की। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बिंती के कथा मंडपम पहुंचेगी यात्रा विभिन्न स्थानों से निकलने वाली कलश यात्रा बेंती स्थित योगिराज देवरहा बाबा कथा मंडपम, राजभवन पहुंचेगी। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### 60 घंटे बाद रामगोपाल का अंतिम संस्कार

**6 आरोपियों में दो गिरफ्तार, 4 की गिरफ्तारी के लिए 7 दिन का मांगा समय; परिवार को सुरक्षा भी मिलेगी**

रायबरेली में ऊंचाहार में रेलवे ट्रैक पर सोमवार सुबह मिले दलित व्यक्ति के शव का बुधवार शाम करीब 4 बजे अंतिम संस्कार किया गया। नाथीपुर गांव में शव मिलने के बाद से ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। शव को क्षेत्र के गोला गंगा घाट ले जाया गया। रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में मिला था शव सोमवार सुबह रामचंद्रपुर रेलवे हाल्ट के पास नाथीपुर गांव निवासी दलित रामगोपाल का शव रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में मिला था। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। पत्नी सुशीला की तहरीर पर गांव के प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बावजूद ग्रामीण शव रखकर प्रदर्शन करते रहे।चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी की बातमामले में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने फोन पर सीओ से बात कर कार्रवाई की मांग की थी। मंगलवार को अपनी जनता पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य भी गांव पहुंचे। उन्होंने एसपी से वार्ता कर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। वे आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा समेत कई मांगें उठा रहे थे।

### हत्या के मामले में पति गिरफ्तार, बिजली का तार बरामद

**भाई ने पति, ससुर, देवर और देवरानी पर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया**

शाहजहांपुर , रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी में महिला सीमा की गला घोंटकर हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के भाई ने पति, ससुर, देवर और देवरानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पति कमलेश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया बिजली का तार भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। थाना बंडा क्षेत्र के रामकिशन गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहन सीमा की शादी करीब 17 वर्ष पहले रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र गुप्ता के पुत्र कमलेश गुप्ता के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में रुपये की मांग को लेकर सीमा को प्रताड़ित करते थे। रामकिशन के मुताबिक, धनतेरस के दिन उनकी बहन सीमा ने फोन पर बताया था कि ससुराल के लोग उससे रुपये मांग रहे हैं। पति, ससुर, देवर और देवरानी उसे तथा उसकी दोनों बेटियों को मारने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद भांजी कोमल ने फोन पर सूचना दी कि उसकी मां और छोटी बहन का गला दबा दिया गया है। इस घटना में सीमा की मौत हो गई, जबकि छोटी बेटी नैन्सी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह आईसीयू में उपचाराधीन है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी पति कमलेश गुप्ता को बुधवार को रेलवे मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया।

# अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी भाजपा नेता के घर चोरी

**3 राइफल, डबल बैरल बंदूक और गहने ले गए चोर; प्रयागराज जेल में बंद हैं बाप-बेटे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजपा नेता देवेंद्र नाथ मिश्रा के घर चोरी का मामला सामने आया है। मंगलवार को कर्नलगंज पुलिस ने उनके घर से चार लाइसेंसी असलहे, सोने-चांदी के गहने और कैश चोरी होने की ऋकफ दर्ज की। चोरी की वारदात 8 नवंबर की रात हुई थी। देवेंद्र के भाई रविंद्र नाथ मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें तीन लोगों के नाम बताए हैं। इनमें आशीष यादव उर्फ शनि, सूरजभान सिंह और सूरज पासी शामिल हैं। तीन-चार अज्ञात भी शामिल हैं। उन्होंने बताया- घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध नजर आए थे।

### पड़ोसी की छत से घर में दाखिल हुए चोर

रविंद्र नाथ मिश्रा ने पुलिस को बताया- वह वाराणसी के भेलूपुर के रहने वाले हैं। उनके छोटे भाई देवेंद्र नाथ मिश्रा का घर प्रयागराज के चांदपुर सलोरी में है। देवेंद्र इस समय जिला जेल प्रयागराज में बंद हैं। उनके घर में 15 अक्टूबर 2026 से ताला लगा हुआ था। तहरीर के मुताबिक, 8 नवंबर की रात करीब 12:30 बजे से सुबह 4:30 बजे के बीच चोरी हुई। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से पता चला कि आरोपी पड़ोसी के घर की छत से उनके भाई के घर में दाखिल हुए। इसके बाद घर से असलहे, पुश्तैनी सोने-चांदी के गहने, लाखों रुपए की नकदी और जरूरी दस्तावेज बोरी में भरकर ले गए।

# 5 दिन बाद खत्म हुआ वकीलों का धरना

**अनशन के दौरान थाने में गाने, डांस और मुशायरा, एक की तबीयत बिगड़ी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , सिविल लाइंस थाने में पांच दिन से धरना दे रहे हाईकोर्ट के वकील आखिरकार मान गए। पुलिस ने काफी मान-मनौव्वल के बाद मंगलवार को धरना खत्म कराया। अनशन पर बैठे वकील बृजेश तिवारी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद दूसरे वकील भी धरने से उठ गए। वकीलों ने थाने के अंदर ही गद्दा, चादर और मच्छरदानी लगाकर डेरा जमा रखा था। कुर्सी-मेज के साथ माइक और लाउडस्पीकर भी लगाए थे। पांच दिनों तक फिल्मी गानों पर डांस, गजल और मुशायरे के जरिए अपना विरोध जताते रहे। उनके प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। इससे पुलिस की काफी किरकिरी हो रही थी। बाइक लोन के 63,400 रुपए हड़पने का आरोप हाईकोर्ट के वकील बृजेश कुमार तिवारी ने बताया- मैंने अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक (वद 70 खअ 3763) का लोन बंद कराने के लिए कान्हा मोटर्स के कर्मचारी अभय पांडेय से संपर्क किया था। उसने लोन की बकाया रकम 63,400 रुपए बताई। 15 सितंबर को मैंने यह रकम जमा कर दी। कर्मचारी ने सर्वर की समस्या बताकर अपने बैंक खाते में पैसे जमा करा लिए और मुझे फर्जी रसीद दे दी। कई दिन बाद भी लोन खाता बंद नहीं हुआ तो मैंने हीरो एजेंसी में संपर्क किया। वहां पता चला कि खाते में कोई रकम जमा नहीं हुई है और एजेंसी की ओर से ऐसी कोई रसीद भी जारी नहीं की गई। मैंने 1 अक्टूबर 2026 को पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। इसके बाद सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

## फार्मासिस्ट का शव चौकी पर रखकर प्रदर्शन

**आरोपियों के एनकाउंटर की मांग, एक घंटे बाद माने परिजन, पुलिस ने हत्या की धारा जोड़ी**

अमन लेखनी समाचार



देवरिया , मारपीट में घायल फार्मासिस्ट की लखनऊ में मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे शव भिंगारी पुलिस चौकी पर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चला। पुलिस ने दोपहर 3 बजे दर्ज केस में हत्या की धारा जोड़ दी। मामला खामपार थाना क्षेत्र का है।

### इंजेक्शन लगाने के बहाने बुलाकर की थी मारपीट

खामपार थाना क्षेत्र के करौदा मायापुर निवासी राजू ठाकुर (28) फार्मासिस्ट थे। वह गांव में दवा की दुकान चलाते थे। आरोप है कि 8 नवंबर की रात उन्हें इंजेक्शन लगाने के बहाने बुलाया गया। इसके बाद देशी शराब और बीयर की दुकान के पास उनके साथ मारपीट की गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले गए। सोमवार देर रात केजीएमयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे शव गांव पहुंचा।

### चौकी पर शव रखकर किया प्रदर्शन

शव गांव पहुंचने के बाद परिजन और ग्रामीण दोपहर 12 बजे उसे लेकर भिंगारी पुलिस चौकी पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की। परिजनों ने जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की भी मांग की।सूचना पर सीओ भाटपाररानी मनोज कुमार और आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने परिजनों को समझाया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया। करीब एक घंटे बाद परिजन शव घर ले जाने और अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

# ससुरालियों से पीड़ित महिला ने दर्ज कराया दहेजप्रथा का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव लोहरपुर में जन्मी एक महिला ने विवाह के पश्चात 10 लाख के अतिरिक्त दहेज की मांग करने वाले ससुरालियों पर आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया मिली जानकारी के अनुसार गांव लोहरपुर की निवासिनी श्वेता देवी का विवाह थाना धाता क्षेत्र के गांव अमदरा निवासी शुभम शुक्ला के साथ हुई थी विगत 10 फरवरी 2026 को हुई हिंदू रीति रिवाज की शादी में पिता ने अपनी सामर्थ के अनुसार गृहस्थी का सामान उचित जेवरात तथा नगदी आदि उपहार स्वरूप ससुराल पक्ष को भेंट किया वही विवाह के पश्चात इस उपहार से असंतुष्ट ससुराली जनों में पति शुभम ससुर ओमनाथ तथा सास गुड्डी देवी ने दहेज के रूप में अतिरिक्त 10 लाख रुपए की मांग करने लगे वही महिला श्वेता ने अतिरिक्त दहेज पिता से मांगने में असमर्थता जताई जिसे सुनते हुए महिला के साथ परिजनों ने मारपीट की तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता ने मायके पहुंचकर खखरेरू थाना में लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जहां थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने पति समेत 7 लोगों के खिलाफ महिला उत्पीड़न का मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की

## अज्ञात शव के मिलने पर मचा हड़कंप पुलिस कर रही सिनाख्त

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव हरदासपुर में गांव के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला ग्रामीणों ने देखकर शोर मचाया तथा कुछ ही समय में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई मौजूदा लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दिया सूचना मिलते ही पहुंचे थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया काफी समय तक व्यक्ति की शिनाख्त करने का भरसक प्रयास किया परंतु मौके पर सिंनाख्त नहीं हो सकी थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौजूद लोगों ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्यक्ति को मारकर फेंकने की संभावना जताई जबकि मूल रूप से घटना का कोई खुलासा नहीं हुआ स्थानीय पुलिस बल शव की शिनाख्त के लिए जुटा हुआ है।

# ओवरलोड डबल डेकर बस दुकानों के छज्जे से टकराई



**रायबरेली में नाबालिग बच्ची और बुजुर्ग महिला घायल**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली , दीवानी कचहरी के गेट नंबर तीन के सामने बारातियों से भरी ओवरलोड डबल डेकर बस दुकानों के छज्जे से टकरा गई। छज्जा गिरने से मलबे में दबकर एक नाबालिग बच्ची और बुजुर्ग महिला घायल हो गईं। बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना कोतवाली नगर इलाके में हुई। बताया जा रहा है कि बस दूसरे जिले से बारात लेकर आई थी। उसमें सवारियों के साथ ऊपर भारी सामान भी लदा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बस एक तरफ झुकी हुई थी और ओवरलोड दिख रही थी।

टक्कर के बाद छज्जा नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों अनूप कुमार, राहुल और राजू ने भी बस के असंतुलित और ओवरलोड होने की बात कही।

# फाइनेंस कंपनी के संचालक समेत 2 गिरफ्तार

**वसूली के लिए करता था प्रताड़ित, युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर , शाहपुर इलाके में फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली निक्की राजभर (20) ने संचालक की प्रताड़ना से तंग आकर सुसाइड किया था। संचालक सूरज यादव लोगों को लोन देता था। पैसे वसूलने के लिए निक्की राजभर पर दबाव बनाता था। नौकरी से निकालने की धमकी देकर उससे ज्यादा काम कराता था। पुलिस की जांच में यह बातें सामने आई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संचालक और उसकी सहयोगी युवती को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।शाहपुर पुलिस ने मां विमला देवी की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। जांच कर मंगलवार को फाइनेंस कंपनी के संचालक जंगल रसूलपुर नंबर-02, झंगहा निवासी सूरज यादव और तिवारीपुर के जफर कॉलोनी की नीलू राजभर को गिरफ्तार कर लिया। निक्की राजभर (20) ईस्टर्नपुर कॉलोनी स्थित सम्यति उत्कृष्टम फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। वह कंपनी में लोगों को लोन दिलाने और रुपये जमा कराने का काम करती थी। 7 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे युवती का शव कंपनी के ऑफिस में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला था। शाहपुर के तिनकोनिया नंबर एक के भटोलिया निवासी निक्की राजभर (20) चार बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। उसके पिता राजमन राजभर इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का काम करते हैं। 2 साल से निक्की घर से करीब 500 मीटर दूर सम्यति उत्कृष्टम फाइनेंस कंपनी में काम कर रही थी। वह लोगों को लोन दिलाने और रुपए जमा कराने का काम करती थी। उसे 10 हजार रुपए मंथली सैलरी मिलती थी।

### देर होने पर घरवाले खोजने निकले

मां विमला देवी ने बताया- रोज शाम के 7 बजे निंकी घर आ जाती थी। 7 नवंबर को बेटी घर नहीं पहुंची तो हम लोग परेशान हो गए। उसकी तलाश शुरू कर दी। रात करीब 9:42 बजे वह फाइनेंस कंपनी के आफिस पहुंचीं। वहां शटर आधा गिरा हुआ था। बाहर बेटी की चप्पल और स्कूटी खड़ी थी। अंदर जाकर देखा तो निक्की का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रहा था।

# लाल मिर्च डालकर चेन और पैसे लूटे

**बाइक सवार 6 युवकों ने वारदात की, लोहे की रॉड से पीटा, एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर , 3 बाइक पर सवार 6 युवकों ने मछुआरे के आंख में लाल मिर्च डालकर सोने की चैन और पैसे लूट लिया। पीड़ित और उसके दो साथी ताल किनारे बैठ कर मछलियों का रखरखाव कर रहे थे। बदमाशों ने तभी हमला किया और लोहे की रॉड और डंडों से जमकर पिटाई की। हमले से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए ,जिनका इलाज चल रहा है। घटना खोराबार थानाक्षेत्र के सनहा गांव का है। मामले में पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा और झपटमारी की धारा में ऋकफ दर्ज किया गया है और आगे की जांच में जुटी है।खोराबार थाना क्षेत्र के सनहा गांव में रहने वाले जल नाविक मजदूर और मत्स्य जीवि सहकारी समिति प्रा० लि० चन्दा घाट के सदस्य रामचन्दर साहनी ने मंगलवार को एक तहरीर दी। जिसके माध्यम से उन्होंने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर को शाम करीब 7 बजे रामचन्दर और उनके दो मजदूर सनहा ताल किनारे बैठ कर मछली की रखवाली कर रहे थे। तभी 3 बाइक पर बैठ कर 6 लोग वहां पहुंचे और रामचंदर और दोनों मजदूरों के आंखों में लाल मिर्च का पाउडर छिड़क दिया।जिससे तुरंत उनकी आंखें जलने लगी। वे चिल्लाने लगे। इतने में बदमाशों ने तीनों पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर दिया और जमकर पिटाई की। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ितों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था इसलिए वे खुद का बचाव भी नहीं कर पा रहे थे। जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए आरोप है कि बदमाशों ने रामचंदर के गले में पहना हुआ 4 सोने का चेन और जेब में रखा 9,745 रुपया लूट लिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब पीड़ितों ने चीख पुकार मचाई तो आसपास और उधर से गुजरने वाले लोग इकठ्ठा हुए। तब बदमाश जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। लोगों ने घायलों को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। तीनों का अभी इलाज चल रहा है। मामले में रामचंदर की तहरीर पर खोराबार थाने में बलवा और झपटमारी की धारा में एफआईआर दर्ज किया गया है। जांच में जुटी पुलिस खोराबार थाना प्रभारी सुधांशु कुमार सिंह के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सब इंस्पेक्टर अश्फाक अहमद को जांच सौंपी गई है।

## हत्या के आरोप में ग्राम प्रधान समेत चार अरेस्ट

**दो पक्षों में चले थे लाठी-डंडे, इलाज के दौरान व्यक्ति की गई जान**

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर , बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक व्यक्ति की हत्या के आरोपी ग्राम प्रधान समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार लाठी-डंडे बरामद किए हैं। घटना 8 नंवबर की है। अगले दिन घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ा दिया था। मामला मिजार्पुर थाना क्षेत्र के उईला थाथरमई का है। चार लाठी-डंडे बरामदपुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम प्रधान रक्षपाल, राजीव, अवनीश और दिनेश के रूप में हुई है। रक्षपाल उईला थाथरमई गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चार लाठी-डंडे बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। गांव के बाहर हुआ था हमला परिजनों के मुताबिक, दीपावली की रात करीब आठ बजे मिजार्पुर थाना क्षेत्र के उईला थाथरमई गांव के बाहर महिपाल पर हमला किया गया था। महिपाल मूल रूप से इसी गांव के रहने वाले थे, लेकिन कुछ समय से परशुरामपुरी थाना क्षेत्र में मकान बनाकर रह रहे थे। दीपावली पर वह अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान उन पर हमला हुआ।

# चीनी मिल के गेट पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**महाप्रबंधक बोले- बोनस पर विचार करेंगे, गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग सरकार तक पहुंचाएंगे**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, निगोही में डालमिया चीनी मिल के गेट पर बुधवार दोपहर 2 बजे किसानों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों किसान, युवा और स्थानीय नागरिक मिल गेट पहुंचे। उन्होंने अपनी मांगें मिल प्रशासन के सामने रखीं।

### डीजीएम से बात करने से किया इनकार

मौके पर मौजूद निगोही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मिल प्रशासन को बुलाया। डीजीएम के पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने उनसे बात करने से इनकार कर दिया। उन्होंने महाप्रबंधक को मौके पर बुलाने की मांग की। इसके बाद महाप्रबंधक पहुंचे और किसानों व प्रदर्शनकारियों की समस्याएं सुनीं। महाप्रबंधक ने मिल के आसपास की सड़कों पर जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाने और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया। गन्ने से लदे वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए पार्किंग और यातायात व्यवस्था करने की बात भी कही। मिल प्रबंधन ने किसानों को बोनस पर सकारात्मक फैसला लेने और गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिया। राम जी अवस्थी ने कहा कि किसानों को फसल की पर्ची, उचित मूल्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मिल के आसपास जाम, प्रदूषण, काली राख और सुरक्षा व्यवस्था की कमी से आम लोगों और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस किसानों और आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

# शाहजहांपुर में कार-बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**मां की गोद से 10 फीट उछलकर ई-बस की छत पर गिरा बच्चा, सुरक्षित**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, बुधवार दोपहर करीब 1 बजे कार और दो बाइकों की टक्कर हुई। मां की गोद में बैठा दो साल का बच्चा उछलकर ई-बस की छत पर गिरा। उसे चोट नहीं आई। हादसे में बच्चे के माता-पिता समेत पांच लोग घायल हुए। सभी को अस्पताल भेजा गया। हादसा सिंधौली थाना क्षेत्र में मुड़िया मोड़ के पास हुआ। नियामतपुर गांव के शैलेन्द्र अपनी पत्नी लक्ष्मी और बेटे के साथ भाईदूज पर पूरनपुर स्थित ससुराल जा रहे थे। मुड़िया मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसी दौरान दूसरी बाइक भी कार से टकरा गई।हादसे में लक्ष्मी, शैलेन्द्र, दूसरी बाइक पर सवार हसनापुर गांव के कलीम खां और रूकुम सिंह, और कार सवार कोटाबारी के विनय मिश्रा घायल हुए। कार के एयरबैग खुलने से विनय मिश्रा को कम चोट आई।

### मां की गोद से उछलकर बस की छत पर गिरा बच्चा।

टक्कर के बाद बच्चा करीब 10 फीट उछलकर वहां से गुजर रही ई-बस की छत पर गिरा। स्थानीय लोग बस की छत पर चढ़े और बच्चे को सुरक्षित नीचे उतारा। बच्चा रो रहा था। इसके बाद लोगों ने उसे परिवार को सौंप दिया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सिंधौली थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि कार और दो बाइकों की टक्कर हुई थी। मां की गोद में बैठा बच्चा उछलकर बस की छत पर गिरा, लेकिन सुरक्षित है।

# शिक्षा और एकता से बदलेगी मंसूरी समाज की तस्वीर, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का लिया संकल्प

**मंसूरी एकता मंच की बैठक में सामाजिक उत्थान, संवैधानिक अधिकारों और संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन, बड़ी संख्या में समाज के लोग रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



जालौन।मंसूरी समाज के शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के साथ आपसी एकता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को मंसूरी एकता मंच जालौन के तत्वावधान में नगर के पुरानी हाट स्कूल के पास गुलाम मोहम्मद मंसूरी के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जालौन, उरई, कालपी, कोंच सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षा को बढ़ावा देने, संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता और संगठन के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद इरशाद मंसूरी गोलू ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शरीफ मंसूरी एडवोकेट तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यूसुफ मंसूरी (एलआईसी, औरैया) मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की का सबसे मजबूत आधार शिक्षा और एकता है। प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।बच्चों को दीनी और दुनियावी दोनों प्रकार की तालीम दिलाकर आईएएस, पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता और न्यायाधीश जैसे उच्च पदों तक पहुंचाने का प्रयास करना होगा।इसके साथ ही बच्चों को हाफिज, कारी और मौलाना बनकर समाज का नाम रोशन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने और सभी को एक मंच पर संगठित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों और हक-हुकूक के प्रति जागरूक होकर ही समाज आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य तैयार कर सकता है। इस मौके पर जिला प्रमुख महासचिव राज मंसूरी, नगर अध्यक्ष सलमान मंसूरी, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल गफूर मंसूरी फौजी, फिरोज मंसूरी औरैया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जहूर बक्स मंसूरी, पूर्व सभासद जहागीर बख्श मंसूरी, इकबाल मंसूरी, जिला महासचिव मुस्तकीम बाबा मंसूरी, जिला प्रमुख सचिव साजिद मंसूरी, जिला सचिव बब्लू मंसूरी, अनवर मंसूरी मास्टर साहब, जिला प्रभारी अब्दुल कादिर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बाबू मंसूरी, अनीस मंसूरी, कोंच नगर अध्यक्ष अमीर मंसूरी और बाबू खां मंसूरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा यूसुफ मंसूरी, मुजीब मंसूरी, शानू राजा मंसूरी, मोहम्मद कदीर मंसूरी, अब्दुल सलाम मंसूरी, मोहम्मद आफताब मंसूरी, वाजिद मंसूरी, समरहक मंसूरी, हुसैन मंसूरी, रियाज मंसूरी सभासद, मुमताज मंसूरी, अरशद मंसूरी, शेख मोहम्मद मंसूरी, रफीक मंसूरी, नजर मंसूरी, अली मुल्ला मंसूरी, बहिद मंसूरी, साहिल मंसूरी, मोहम्मद बली मंसूरी, मोहम्मद फारुख मंसूरी, नजीर खां मंसूरी, हारुन मंसूरी, समीउल्ला मंसूरी, इसाक मंसूरी, आरिफ मंसूरी, शाहिद मंसूरी और मोहम्मद नईम मंसूरी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में मंसूरी एकता मंच की ओर से समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने और बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की गई। बैठक में संदेश दिया गया कि शिक्षित, जागरूक और संगठित समाज ही विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

# सरसौखी कान्हा गौशाला पहुंचे डीएम समीर, गोवंशों को माला पहनाकर लगाया तिलक, गुड़-चना और केला खिलाया

**गोवंशों की बेहतर देखभाल, स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



उरई। जिलाधिकारी समीर ने सरसौखी स्थित कान्हा गौशाला पहुंचकर संरक्षित गोवंशों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला परिसर का भ्रमण कर गोवंशों के रख-रखाव, चारा, पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों के प्रति स्नेह और संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने हाथों से उन्हें माला पहनाई, तिलक लगाया तथा गुड़, चना और केला खिलाया। उन्होंने कहा कि गोवंशों का संरक्षण और उनकी बेहतर देखभाल शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशाला में प्रत्येक गोवंश को पर्याप्त मात्रा में चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बीमार एवं कमजोर गोवंशों को चिन्हित कर उनके उपचार और विशेष देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही गौशाला परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने और पशुओं के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला केवल गोवंशों को आश्रय देने का स्थान नहीं, बल्कि उनकी सेवा, सुरक्षा और बेहतर देखभाल का केंद्र है।इसलिए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करें, जिससे संरक्षित गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित गौशाला से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जालौन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व, बहनों ने भाइयों को तिलक कर मांगी लंबी उम्र

अमन लेखनी समाचार



जालौन।दीपावली के पर्व के बाद बुधवार को जनपद जालौन में भाई दूज का त्योहार श्रद्धा, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और खुशहाली का वचन दिया। गोवर्धन पूजा के अगले दिन मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। सदियों पुरानी इस परंपरा का महत्व आज भी कायम है। मान्यता है कि इस दिन बहन के घर जाकर तिलक कराने वाले भाई पर यमराज की विशेष कृपा रहती है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुबह से ही भाई दूज की रौनक देखने को मिली। बहनों ने घरों के आंगन में चौक सजाकर पूजा-अर्चना की और भाइयों के हाथों में श्रीफल रखकर उनका तिलक किया। इसके बाद आरती उतारकर मिठाई खिलाई और उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उनकी पसंद के उपहार देकर इस पवित्र रिश्ते की खुशियों को दोगुना कर दिया। भाई दूज के दिन बहनें यमराज के नाम से दीपक जलाकर घर की दहलीज के बाहर रखती हैं। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से भाइयों पर यमराज की कुदृष्टि नहीं पड़ती और उनकी आयु लंबी होती है। वहीं डिजिटल दौर में भाई दूज का रंग सोशल मीडिया पर भी खूब दिखाई दिया। बहनों ने भाइयों के तिलक करते हुए फोटो और सेल्फी व्हाट्सएप व फेसबुक पर साझा कीं। इसके साथ ही सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से एक-दूसरे को भाई दूज की शुभकामनाएं देने का सिलसिला भी दिनभर चलता रहा। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक यह पर्व पूरे जनपद में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।

# लोना बिजली घर का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जालौन। तहसील जालौन के ग्राम लोना में निमार्णाधीन विद्युत उपकेंद्र का कार्य धीमी गति से चलने पर बागवान समाज सेवा समिति ने नाराजगी जताई है। समिति के अध्यक्ष मुहम्मद अशफाक राईन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बिजली घर का निर्माण जल्द पूरा कराने और उसे चालू कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने बताया कि ग्राम लोना में निमार्णाधीन विद्युत उपकेंद्र का काम पूरा होने से क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल सकती है। वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।विद्युत उपकेंद्र चालू होने से इन समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने मांग की है कि शासन स्तर से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय समीक्षा कराई जाए और संबंधित अधिकारियों से कार्य में हो रही देरी का स्पष्टीकरण लिया जाए।

# कुठौंदा बुजुर्ग पंचायत के विकास कार्यों की जांच पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग

**आरटीआई से मिली जांच आख्या में भुगतान संबंधी अभिलेख उपलब्ध न होने का खुलासा, शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग**

अमन लेखनी समाचार

जालौन।विकासखंड जालौन की ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों को लेकर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। खेल मैदान, व्यायामशाला, इंटरलॉकिंग निर्माण और गौआश्रय स्थल सहित विभिन्न कार्यों में सरकारी धन के उपयोग को लेकर सवाल उठाए गए हैं। मामले में आरटीआई के तहत मिली जांच आख्या में भुगतान से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं होने का उल्लेख सामने आने के बाद शिकायतकर्ता ने जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत निवासी समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर विकास कार्यों में सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई थी। उनकी शिकायत पर जिलाधिकारी के आदेश संख्या 700, दिनांक 4 मई 2026 के अनुपालन में संबंधित कार्यों की जांच कराई गई थी। जांच आख्या के मुताबिक, 31 जुलाई 2026 को जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) और लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। खेल मैदान के समतलीकरण के संबंध में एमआईएस पोर्टल पर 8,100 रुपये और 5,000 रुपये के भुगतान दर्ज पाए गए, लेकिन संबंधित कार्यों के भुगतान एवं अन्य अभिलेख जांच अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 24 सितंबर 2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जांच से संबंधित जानकारी मांगी। जवाब में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय ने पत्र संख्या 6523, दिनांक 6 नवंबर 2026 के माध्यम से जांच आख्या और संबंधित पत्राचार की छायाप्रतियां उपलब्ध कराईं। कार्यालय की ओर से बताया गया कि जांच आख्या के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई प्रचलन में है। गजेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि जांच के दौरान भुगतान से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं होना गंभीर मामला है। ऐसे में संबंधित विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति और भुगतान का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करते हुए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से पंचायत के सभी संबंधित विकास कार्यों की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि यदि वित्तीय अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं तो सरकारी धन की क्षति का आकलन कर वसूली कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ एफआईआर सहित नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

# शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा भारी!

**युवक और भाई को लाठी-डंडों से पीटा, छह लोगों पर मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। शराब के नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करना एक युवक और उसके भाई को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर आधा दर्जन लोगों ने दोनों भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला माधौगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली गांव का है। गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे गांव के कुलदीप सिंह, रज्जन सिंह, नीर सिंह, गोलू, विवेक और पुष्पेंद्र सिंह शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। जयप्रकाश ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई सचिन को भी आरोपियों ने पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खाटू श्याम महोत्सव को लेकर हुआ भूमि पूजन 18 नवंबर को सजेगी भजन संध्या की महफिल

**भजन सम्राट सरदार हरमिंदर सिंह रोमी सहित कई प्रसिद्ध गायक देंगे प्रस्तुतिआगामी 18 नबम्बर को निकलेगी भव्य पालकी निशान यात्रा**

अमन लेखनी समाचार



कोंच(जालौन)नगर में आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाले सातवें श्री खाटू श्याम महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं दिन बुधवार को नगर के एसआरपी इंटर कॉलेज ग्राउंड में महोत्सव के आयोजन को लेकर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पेंद्र उर्फ पिंकू फुलैला ने पूजन कर कार्यक्रम के सफलता की कामना की श्री खाटू श्याम महोत्सव मंडल के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडल द्वारा अपना सातवां वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है वहीं क्षेत्रीय विधायक व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि 18 नवंबर 2026 को होने वाले इस महोत्सव में श्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक सरदार हरमिंदर सिंह रोमी गौरी शरण अपर्णा अनंत मिश्रा और प्रवीण जैन अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे और श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे महोत्सव के लिए एसआरपी इंटर कॉलेज मैदान में विशाल एवं आकर्षक पंडाल तैयार किया जा रहा है बाबा श्याम के लिए विशेष कारीगरों द्वारा आकर्षक बागा तैयार किया जा रहा है वहीं बाबा का विशेष पुष्पों से भव्य श्रृंगार कर 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा आयोजन के तहत 18 नवंबर को सुबह 9 बजे नगर के मुरली मनोहर मंदिर से भव्य पालकी निशान यात्रा निकाली जाएगी यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसआरपी इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचेगी यहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा इसके बाद शाम 6 बजे से भव्य श्याम भजन संध्या का शुभारंभ होगा। भूमि पूजन के अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पेंद्र उर्फ पिंकू फुलैला संरक्षक डॉ. आलोक निरंजन पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता राजू दतिया वाले बॉबी पचीपुरा सहित खाटू श्याम महोत्सव मंडल के सदस्य कुलदीप सोनी दिवाकर सोनी छोटू मोठ अभय सोनी चिराग नरी निखिल वेलवा विवेक खिल्ली राजीव दीपक राजेश राठौर रोनू पटवा देवेंद्र पाठक रवि यादव आयुष राकेश वर्मा राजा सोनी और गोलू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जालौन में बेखौफ चोरों का आतंक, एक ही रात में तीन घरों को बनाया निशाना, लाखों के जेवरात और नकदी पार

**बुजुर्ग महिला को कमरे में बंद कर वारदात को दिया अंजाम, करीब तीन लाख रुपये नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषण चोरी**

अमन लेखनी समाचार



जालौन।जनपद में चोरों के हौसले बुलंद हैं। रेंढ़र थाना क्षेत्र के रुदावली गांव में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दरवाजों की कुंडी और ताले काटकर घरों में दाखिल हुए और सोने-चांदी के कीमती आभूषण, लाखों रुपये की नकदी समेत तिली की बोरियां चोरी कर ले गए।एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामबिहारी और राजकुमार के घरों में चोरों ने धावा बोला। दोनों सगे भाई गुजरात में रहकर काम करते हैं और उनके कमरे बंद थे। चोरों ने बंद कमरों के ताले और कुंडियां काटकर घर में प्रवेश किया। इस दौरान घर में मौजूद बुजुर्ग मां को कमरे में बंद कर दिया और घर में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब तीन लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने गांव के ही एक अन्य सूने मकान को भी निशाना बनाया। यहां से ताला तोड़कर चार बोरी तिली और पांच हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। एक ही रात में तीन घरों में चोरी की वारदात ने ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

# जालौन में कच्चे मकान में लगी भीषण आग, 50 हजार की नकदी समेत अनाज और गृहस्थी का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

जालौन। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा मकान आग की लपटों से घिर गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से मकान में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, कपड़े, गृहस्थी का सामान, तीन कुंतल गेहूं और 50 किलो चना जलकर राख हो गया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# रोटी मांगने पर पत्नी ने बुला लिए 35 लोग!

**आधी रात को गांव में मचा तांडव, दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। मोबाइल पर रील्स देखने को लेकर पति-पत्नी के बीच शुरू हुआ विवाद आधी रात को दो परिवारों के बीच संघर्ष की वजह बन गया। पति ने पत्नी से रोटी बनाने को कहा तो वह मोबाइल पर रील्स देखने में व्यस्त रही। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है कि पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद पत्नी ने मायके फोन कर दिया। कुछही देर में 30 से 35 लोग गांव पहुंच गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के झबरा पुरवा गांव का है। सोमवार रात करीब 11:30 बजे पत्नी शिववती के भाई भूरा और बैद्यनाथ करीब 30 से 35 लोगों को लेकर कार, टेंपो और बाइकों से गांव पहुंच गए। मायके वालों के आने की भनक लगते ही पति अंकित वहां से निकल गया। इसके बाद मायके वालों का सामना अंकित के परिजनों से हुआ। पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इस संघर्ष में अंकित के पिता रामरतन, मां रंपा और बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोसी शिवम समेत दूसरे पक्ष के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। रामरतन के मुताबिक, अंकित और शिववती की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। उनका दो वर्षीय बेटा आदर्श भी है। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जालौन में 500 रुपये के लेन-देन का वीडियो वायरल, आरक्षी निलंबित; थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई, क्षेत्राधिकारी जालौन को सौंपी प्रारंभिक जांच**

अमन लेखनी समाचार



जालौन। थाना नदीगांव में तैनात एक आरक्षी का कथित रूप से एक व्यक्ति से रुपये लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक जालौन ने जांच कराते हुए संबंधित आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो की जांच में प्रथम दृष्टया आरक्षी उपेंद्र सिंह की 500 रुपये के लेन-देन में संलिप्तता पाई गई। पुलिस विभाग ने इसे आचरण नियमावली और निर्धारित कर्तव्यों के विपरीत मानते हुए विभागीय छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कृत्य बताया है। पुलिस अधीक्षक जालौन ने आरक्षी उपेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की प्रारंभिक जांच क्षेत्राधिकारी जालौन को सौंपी है। वहीं, थाना नदीगांव के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक राजकुमार को शिथिल पर्यवेक्षण के आरोप में पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कोंच ने भी अपनी बाइट के माध्यम से पुलिस विभाग की कार्रवाई और मामले से जुड़ी जानकारी दी है

# एक बीघा खेत के लिए रिश्तों का कत्ल करने पर उतारू भतीजा!

**चाचा ने जमीन देने से किया इनकार तो तमंचे से दाग दी गोली, भूसे में छिपकर बचाई जान**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जमीन के लालच में रिश्तों के खून का मामला सामने आया है। लोनार थाना क्षेत्र के सुहेड़ी गांव में एक बीघा खेत के विवाद में भतीजे अखिलेश यादव पर अपने सगे चाचा दिनेश यादव को गोली मारने का आरोप है। पैर में गोली लगने से चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने भूसे में छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दिनेश यादव पांच भाई हैं। उनके पिता की पांच बीघा जमीन का बंटवारा होने पर प्रत्येक भाई के हिस्से में एक-एक बीघा खेत आया था। आरोप है कि अखिलेश यादव अपने चाचा दिनेश की जमीन भी अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। चाचा ने जमीन देने से इनकार किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गांव के बाहर स्थित मकान में लेटे दिनेश यादव पर अखिलेश ने तमंचे से गोली चला दी। गोली पैर में लगने से वह घायल हो गए और जान बचाने के लिए भूसे में छिप गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. - 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना क्यों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।

लाइफ Style

## अनीत

### अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की ना डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनको जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।



हॉलीवुड मसाला



### जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का

## स्क्रीन टेस्ट

नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस होल्ट, जैक लोडेन, जैश ओ कॉनॉर और टैरन एगर्टन का नाम शामिल है। रिपोर्ट्स की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इनमें पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पर्दे पर उतारने वाले कई इंडियन फैंस यह दे भी जानना है कि जेम्स बॉन्ड 25वीं फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे अंतिम रोमांस को भी एमआई एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



## विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और खूबसूरत रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और खूबसूरत धागों की कढ़ाई की गई थी।



## सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

मुंबई। सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



## वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायण: पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

टीवी मसाला



## कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर टैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9'. जहां दोनों अपने एक्सिलोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा से पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ चुनकर अपने दिल की बात रखी है। जबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने दिल लाने में डांस किया था। वो बताती है कि सलमान ने सोच कि तुझे कपड़े देने और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। सेल पते को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका बेबीफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी बातें साझा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। जोसत मोहित पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और फाइनल इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का सबसे बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। अमेरिकी टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 27' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और वॉन हीरजॉग के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उन्हीं रोबोट टेबल पर बैठे थे। टीम-ए का सदस्य उमैर को स्लज्जा था। उमैर को इलीमिनेट करने के लिए स्काउट ने उसकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान सुरभू और वॉन लगातार स्काउट के पर्फॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे। स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने को चेतावनी दी, लेकिन वॉन ने दखल करना बंद नहीं किया।



## भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

*नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को समर्पित सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए यादें पर उतारा है। ऐसा ही एक लाजवाब गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर खूब सुना जाता है।*

### 1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उसमें जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हैं लता जी। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में लता मंगेशकर जैसी मासूमियत महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी तुलना लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



**रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल :** इस यादगार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल श्रोताओं को एक अलग एहसास देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को खूब बिलकुल है।

### लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' को आशिमा सिंघ द्वारा के बोल या संगीत तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक को देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और गायन त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक लोक गीत भी माना जाता है।

## कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

नई दिल्ली। रोमी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक बार फिर अपना फैशन कॉन्फिडेंट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। अलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं अद्रा कपूर ने बहनों संग ऑफशोल्डर सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान दिवाली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने फनाई से कम्प्लीट किया, लेकिन उनकी नजरें पत्नी पर नहीं बल्कि पति पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक दिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग पहना और पूरी



खानदान का ब्लैक कलर का कफ्तान पहना, जिस पर सोने के धागों से बेहद खूबसूरत जरी वर्क कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पजामी पहनी थी, जिस पर शानदार कलमकारी की गई थी। 'इंडिया गलाट' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलमकारी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर शैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अमृता ने ये कलमकारी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को लोस्ट खोकर, पफ्ती वाले पैंडेड स्लीवलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

## ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

**नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।**

### पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

### बांद्रा

एक अमल हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकारी (लवलीन मटिया) की संक्रिय मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि यह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर पुलिसमैन के संपर्क से शुरू होकर कैसे खत्म गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जीफ पर स्ट्रीम होगी।




### इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के ठीक साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक खौफनाक मोड़ पर आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

### द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टॉरिकल ड्रामा द एंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

**जेलर 2 :** रजनीकांत की जेलर 2 दिसंबर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कप्तानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को वह वापस लाना पड़ता है, जब महीनों की तस्करी करने वाला एक खेरहम सिंडिकेट उसके पोते को उठा ले जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए वह इस सिंडिकेट के कमांडर को सिलसिला बताता है और गोवा के तटवर्ती 'कल्पक' द्वीप पर उसका सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एमेजिनस के पावर के रिंग्स सीजन 3 का इंतजार खत्म होने वाला है, क्योंकि सीजन की शेष 5 एपिसोड 11 दिसंबर को रिलीज होंगे। इसमें एक बार फिर मिडिल-अर्थ खतरे में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। कजाद-दूम, रिंडल और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स को सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ जगहों में से हैं जो उसके लोहे और उसकी पूरी ताकत से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 दिसंबर को रिलीज होगा।

### ब्लाइंड गेम

जब एक खेल को बचाना कठिनाई और एक आत्महत्या कार परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। अकेले में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो लापता हुए सबूतों का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जीफ पर 11 दिसंबर को रिलीज होगी।